हरिभूमि
# रायपुर भूमि





## भाठागांव-उरला की दो फैक्ट्रियों में छापा, 1000 किलो पनीर गड्ढे में किया दफन, जांच के लिए उठाए गए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शादी-ब्याह के मौसम में खपाए जाने के लिए बड़ी मात्रा में एनालॉग पनीर बनाने वाली भाठागांव और उरला की दो फैक्ट्रियों में छापा मारकर खाद्य विभाग की विशेष टीम ने एक हजार किलो से ज्यादा पनीर नष्ट करा दिया है। जांच के दौरान भाठागांव की फैक्ट्री में निर्माण बंद कराया गया और लायसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। उरला की डेयरी से पनीर जब्त करने के बाद वहां निर्माण व्यवस्था में सुधार के लिए विभागीय नोटिस थमाया गया है।

शादी के सीजन में पनीर की डिमांड दो से तीन गुना तक बढ़ जाती है। इसे देखते हुए ज्यादा लाभ कमाने के चक्कर में डेयरी प्रोडक्ट तैयार करने वाले प्रतिष्ठान पनीर का निर्माण ज्यादा मात्रा में करने लगते हैं और आम लोगों की सेहत से भी समझौता किया जाता है। इसी तरह की शिकायतों के ▶▶|शेष पेज 13 पर

- भाठागांव में 540 किलो पनीर बरामद, निर्माण बंद, लायसेंस भी सस्पेंड होगा
- उरला की फैक्ट्री से 500 किलो मिला, व्यवस्था में सुधार के लिए नोटिस



### दूसरे जिलों की टीम

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के कंट्रोलर दीपक अग्रवाल ने राजधानी की दो फैक्ट्रियों पर कार्रवाई करने के लिए दूसरे जिलों के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम बनाई। जांच अधिकारी सर्वेश यादव, अक्षय सोनी, बृजेंद्र भारती फनेश्वर पिथौरा संजय नंद, मुखर्जी अमृत सहित अन्य को अवकाश के दिन रायपुर बुलाया गया और दोनों फैक्ट्रियों में एक साथ दबिश दी गई। इस मामले में भाठागांव की फैक्टी में पनीर निर्माण के लिए दूध पावडर को जमा कर फाड़ने की प्रक्रिया को संदेह के दायरे में रखा गया है।

### खत्म नहीं हुआ एनालॉग का विवाद

दूध पावडर, पॉम आयल तथा साइट्रिक एसिड के उपयोग से तैयार होने वाले एनालॉग पनीर का विवाद अब तक खत्म नहीं हुआ। एनालॉग पनीर निर्माण के लिए एफएसएसएआई द्वारा लायसेंस जारी किया जाता है। दूसरी ओर खाद्य एवं औषधि प्रशासन इसे प्रतिबंधित और सेहत के लिए हानिकारक बताते हुए कार्रवाई करता है। एक विभाग द्वारा दो तरीके की कार्यवाही पर व्यापारियों द्वारा सवाल उठाया जाता रहा है, मगर इसका हल अब तक नहीं निकला है। एफडीए एनालॉग पनीर के निर्माण पर कार्रवाई कर रहा है, मगर इसके निर्माण के लायसेंस को एफएसएसएआई रद्द नहीं कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### ई-चालान के नाम पर साइबर ठगी, ट्रैफिक पुलिस ने किया अलर्ट




**रायपुर।** फर्जी ई-चालान के नाम पर बढ़ते ठगी के प्रकरण देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने अलर्ट जारी किया है। पुलिस ने लोगों को सतर्क रहने और केवल अधिकृत प्लेटफॉर्म का ही इस्तेमाल करने की अपील की है। पुलिस ने अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि ठग अनजान नंबरों से एसएमएस या व्हाट्स एप के जरिए लिंक भेजते हैं, जिसमें वाहन का लंबित चालान बताकर तुरंत भुगतान करने का दबाव बनाया जाता है। कई बार ये लिंक बिल्कुल असली वेबसाइट जैसे दिखते हैं, जिससे लोग आसानी से झांसे में आ जाते हैं और अपनी निजी जानकारी या बैंक डिटेल साझा कर देते हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वाहन के पेंडिंग ई-चालान का भुगतान केवल भारत सरकार की आधिकारिक वेबसाइट ई-चालान डॉट परिवहन डॉट जीओवी डॉट इन, नेक्सटजेन एम परिवहन एप के जरिए ही करें। इन प्लेटफॉर्म पर भुगतान करने पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगता, जबकि थर्ड पार्टी एप या वेबसाइट पर भुगतान करने से अतिरिक्त चार्ज भी देना पड़ सकता है।

### सेवानिवृत्त मौसम विज्ञानी से सवा लाख की ठगी

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में सेवानिवृत्त मौसम वैज्ञानिक ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ सवा लाख रुपए ऑनलाइन ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तात्यापारा निवासी चंद्रकांत मोहदीवाले ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। चंद्रकांत ने पुलिस को बताया कि जालसाज ने उसे पेंशन कार्ड की जानकारी देने का झांसा देकर उससे उसके बैंक की गोपनीय जानकारी हासिल कर ठगी की है।

### बाउंड्रीवॉल उठाने पर आपत्ति विवाद के बाद मारपीट

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में पेशे से ठेकेदार ने एक व्यक्ति के खिलाफ अवैध रूप से बाउंड्रीवॉल खड़ी करने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अनुपम नगर निवासी प्रखर जिंदल ने परेश अग्रवाल तथा टिकेश चंद्राकर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। प्रखर ने पुलिस को बताया कि वह जहां रहता है, उसके एक हिस्सा में परेश रहता है। जहां परेश रहता है, वह अपने क्षेत्र में अवैध रूप से बाउंड्री खड़ी कर रहा था। मना करने पर परेश तथा टिकेश ने प्रखर की मां, पत्नी, बहू के साथ मारपीट की।

### सामान उधार नहीं देने पर मारपीट

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ उधार में सामान नहीं देने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बूढ़ा गार्डन के पास डेलीनीड्स दुकान चलाने वाला अपूर्व कुशवाहा ने नारायण के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अपूर्व ने पुलिस को बताया कि नारायण उसकी दुकान में आकर कोल्डड्रिंक तथा अन्य सामान उधार मांग रहा था। इंकार करने पर नारायण ने अपूर्व के साथ मारपीट की।

### शहर के भीतर भी हेलमेट के लिए जुर्माना वसूल रही ट्रैफिक पुलिस

## केवल चालान काट रहे पुलिस के कैमरे अपराधियों को पकड़ने में हुए फिसड्डी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस के कैमरे केवल वाहनों की नंबर प्लेट ही रीड कर पा रहे हैं, अपराधियों को पकड़ नहीं पा रहे। उनकी तस्वीरें धुंधली आ रही हैं। तुर्रा यह कि पुलिस ने अघोषित रूप से शहर में भी हेलमेट अनिवार्य कर दिया है और थोक में चालान काटकर वसूली कर रही है।

गौरतलब है, राजधानी की बढ़ती आबादी की सुरक्षा तथा ट्रैफिक मैनेजमेंट ठीक करने के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी के माध्यम से राजधानी के प्रमुख चौक-चौराहों समेत 530 अलग-अलग स्थानों पर इंटिग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत कैमरे लगाए गए थे। कैमरों के माध्यम से ट्रैफिक उल्लंघन करने वालों से लेकर ▶▶|शेष पेज 13 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### पुलिस की नाक के नीचे थाना परिसर के बाहर खड़े मालवाहक की चोरी, कैमरे पर उठ रहे सवाल

#### कैमरे अपग्रेड करना जरूरी

ट्रैफिक के साथ लोगों की जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लगाए गए आईटीएमएस कैमरों को और अपग्रेड करने की जरूरत है। कैमरों की रेंज और बढ़ाने की जरूरत है। कैमरों का इंस्टालेशन 2016 में किया गया था। इसके बाद वर्ष 2018 में आईटीएमएस कैमरों से मॉनिटरिंग शुरू की गई। इस लिहाज से कैमरों की क्षमता पहले से कम हुई है। आईटीएमएस कैमरे कई गाड़ियों के गलत नंबर रीड कर लेता है। इससे वाहन मालिक को परेशानी का सामना करना पड़ता है। एक दशक पुराने कैमरों को रिपेयरिंग कर चलाया जा रहा है।



#### ढाई माह में पौने दो लाख से ज्यादा चालान

पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने कैमरों की मदद से पौने दो लाख से ज्यादा ट्रैफिक उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ई-चालान भेजे हैं। ट्रैफिक पुलिस के अफसरों के अनुसार, स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत लगाए गए आईटीएमएस कैमरों की मॉनिटरिंग के साथ चालानी कार्रवाई के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य किया जाता है। जो चालान की राशि जमा होती है, वह एनआईसी के पोर्टल पर जमा होती है। इसका ट्रैफिक पुलिस से कोई संबंध नहीं है।

**केस 1**

#### थाना परिसर के बाहर खड़े जब्त वाहन की चोरी

फाफाडीह में नो एंट्री के समय मालवाहक वाहन सीजी-12, बीएच-3683 के प्रवेश करने पर ट्रैफिक पुलिस ने पिछले सप्ताह कार्रवाई करते हुए उसे जब्त कर गंज थाने से सटे फाफाडीह ट्रैफिक थाना परिसर के बाहर दीवार से सटाकर पार्क कर दिया। कोर्ट में चालान जमा करने में देर होने की वजह से वाहन दो दिन तक खड़ा रहा। अज्ञात चोर गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात उक्त वाहन चोरी कर ले गया। फाफाडीह ट्रैफिक थाना मुख्य चौराहे पर है। वहां आईटीएमएस के साथ थाने में भी कैमरे लगा हुए हैं। इसके बाद भी अब तक आरोपी की पहचान नहीं हो पाई है। मेटाडोर जिस रास्ते से गया होगा। उस मार्ग से वाहन आईटीएमएस के साथ कई निजी सीसीटीवी कैमरों की नजर से गुजरा होगा।

**केस 2**

#### कार का शीशा तोड़ उठाईगिरी

तीन माह पूर्व जनवरी में शहर के व्यस्त इलाके देवेंद्र नगर तथा पंडरी क्षेत्र में कार का शीशा तोड़कर दो बड़ी उठाईगिरी की घटनाएं सामने आई थीं। पुलिस ने निजी क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की थी। पुलिस को आईटीएमएस कैमरों से किसी तरह से कोई मदद नहीं मिली।

## महिला कांस्टेबल ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आजाद चौक थाने में तैनात एक महिला कांस्टेबल ने पुलिस क्वार्टर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। महिला का पति जीआरपी थाने में कांस्टेबल के पद पर तैनात है। महिला कांस्टेबल की शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी। जीआरपी में तैनाती की वजह से महिला कांस्टेबल का पति अलग रह रहा था। घटना शनिवार रात 8 बजे की है। परिजनों के आने के बाद रविवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजन शव को अपने साथ बालोद लेकर चले गए।



पुलिस के मुताबिक, पूजा कुशवाहा ने पुलिस क्वार्टर में फांसी लगाकर खुदकुशी की है। पुलिस को कांस्टेबल की खुदकुशी की जानकारी रात 8 बजे मिली। पूजा कुशवाहा अपने घर में अकेली रहती थीं। पड़ोसियों ने खिड़की से झांका तो पूजा की लाश फंदे से लटक रही थी। पड़ोसियों ने इसकी जानकारी थाने में दी। एडीसीपी राहुल देव शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है। एडीसीपी ने मृतका के परिजनों से पूछताछ के बाद खुदकुशी का कारण बता पाने की बात कही।

### मामले के हर पहलू की जांच

एडीसीपी ने कहा कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। मृतका के पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन से जुड़े पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है। सहकर्मियों और परिजनों से पूछताछ की जा रही है, ताकि घटना के पीछे की वजह सामने आ सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कैसे सुधरेगी सेहत और शिक्षा...

## सरकारी मेडिकल कालेजों में चिकित्सकों की आधी कुर्सियां खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था प्रभावित है। एक ओर राज्य में पांच नए मेडिकल कॉलेज खोलने की तैयारी चल रही है, वहीं पुराने संस्थानों में चिकित्सा शिक्षकों का संकट बना हुआ है। आंकड़ों की मानें तो संचालित होने वाले दस मेडिकल कॉलेजों में सहायक प्राध्यापकों के 673 में से 361 और प्राध्यापकों के 224 में से 120 पद रिक्त हैं। मेडिकल कॉलेजों में पदस्थ चिकित्सा शिक्षक वहां की शिक्षा व्यवस्था और संबंधित अस्पतालों में उपचार की व्यवस्था भी संभालते हैं। शिक्षकों की कमी की वजह से कॉलेज की मान्यता पर खतरा मंडराता रहता है, वहीं वरिष्ठ डॉक्टरों की कमी के कारण अस्पतालों में मरीजों को अपने जरूरी इलाज के लिए इंतजार करना पड़ता है। रायपुर समेत राज्य तमाम दस शासकीय मेडिकल कॉलेजों में कुछेक विभाग को छोड़कर ▶▶|शेष पेज 13 पर

- सहायक प्राध्यापकों के 673 में 361, प्राध्यापकों के 224 में 120 पद रिक्त
- खुलने वाले पांच नए कॉलेजों में फैकल्टी की व्यवस्था होगी बड़ी चुनौती

### छह बार में 291 की भर्ती

चिकित्सा शिक्षा विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए वर्ष 2015 से 2025 के बीच 6 बार भर्ती की।सहायक प्राध्यपकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी कर 291 का इंतजाम किया गया है। चिकित्सा महाविद्यालयों के 28 विभागों में इनकी भर्ती की गई है। इनमें वर्ष 2015 में 41, 2016 में 10, 2017 में करीब 20, 2018 में 4, वर्ष 2019-2020 में ब्रेक, वर्ष 2021 में 61, 2022 में 97, 2023 में 5 लोगों की भर्ती की गई। वर्ष 2024-2025 में भर्ती प्रक्रिया पर ब्रेक रहा।

### दस मेडिकल कॉलेजों में सहायक प्राध्यापकों की स्थिति

- जनरल मेडिसिन- सेटअप में कुल 54 पदों की स्वीकृति, जिसमें से 39 पद खाली
- शिशुरोग विभाग- सेटअप में 29 पद स्वीकृत, जिसमें से 16 पद रिक्त
- जनरल सर्जरी- मेडिकल कॉलेजों में 57 पद स्वीकृत, जिसमें 31 पद खाली
- रेडियोडायग्नोसिस- चिकित्सा महाविद्यालयों में 26 पद, जिसमें 18 रिक्त
- कार्डियोलॉजी एवं थोरेसिक सर्जरी के लिए रायपुर को छोड़कर अन्य में सेटअप स्वीकृत नहीं

### यहां खोले जाने हैं नए कॉलेज

जानकारों का कहना है कि आधी ताकत वाले पुराने मेडिकल कॉलेजों के बीच पांच नए कॉलेजों में शिक्षकों की व्यवस्था करना चिकित्सा शिक्षा विभाग के सामने बड़ी चुनौती साबित होने वाला है। चिकित्सा शिक्षा को आसान बनाने और राज्य में ज्यादा से ज्यादा डॉक्टर तैयार करने के लिए पांच नए स्थानों में चिकित्सा महाविद्यालय खोलने की तैयारी की जा रही है। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा, गीदम और कुनकुरी में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की जानी है। कालेज के आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था के लिए बजट जारी किया जा चुका है। इन कालेजों में प्रभारी डीन की नियुक्ति भी की जा चुकी है।

*चारों तरफ बिजली तार और केबल के गुच्छे, वार्डवासियों की शिकायत बेअसर*

## डगनिया में ट्रांसफार्मर में लगी आग, घरों के सर्विस तार जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के रहवासी इलाकों में बिजली ट्रांसफार्मर के चारों तरफ बिजली और केबल के तारों के गुच्छे होने से लोग परेशान हैं। इससे आकस्मिक आगजनी और गर्मी तथा बारिश के सीजन में दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ठाकुर प्यारेलाल वार्ड की शांति विहार कॉलोनी डगनिया में ट्रांसफार्मर में शनिवार की मध्यरात्रि आग लग गई। मोहल्लेवासियों ने विद्युत विभाग को इसकी सूचना दी और कॉलोनीवासियों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। इस दौरान आसपास के पूरे इलाके की बिजली गुल कर दी गई। पता चला कि इस आग में आसपास के सभी घरों के खंबे में लगे ▶▶|शेष पेज 13 पर





### ...तो सड़क पर उतरकर जताएंगे विरोध

पूर्व पार्षद गोपी साहू सहित शांति विहार कॉलोनी के रहवासियों का कहना है कि विद्युत विभाग के अधिकारियों और बिजली कंपनी के संज्ञान में रहने के बाद भी रखरखाव में लापरवाही बरतना गलत है। इस ओर तत्काल संज्ञान लिया जाए, ताकि इस तरह के घटना की पुनरावृत्ति न हो। केबल विद्युत पोल से तत्काल हटाए जाएं, ताकि बिजली व्यवस्था में किसी तरह का अवरोध न हो। यदि इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो वार्डवासी सड़क पर उतरकर विरोध करेंगे।

## तीन डिग्री की छलांग के साथ तापमान 41 डिग्री पर, रविवार को सबसे ज्यादा गर्म रही राजधानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अप्रैल का पहला पखवाड़ा समाप्त होने के पहले प्रदेश में गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। पिछले चौबीस घंटे में तीन डिग्री की बढ़ोतरी के साथ रायपुर का पारा 41 डिग्री पर पहुंच गया। रविवार को राजधानी रायपुर प्रदेश में सबसे गर्म रही, वहीं बिलासपुर और राजनांदगांव में भी 40 डिग्री का टार्चर लोगों को झेलना पड़ा। मध्य हिस्से में अलग दो से तीन दिन में ग्रीष्मलहर यानी लू जैसे हालात बन सकते हैं।

- तेज धूप से त्वचा को नुकसान का जोखिम, बन रहे ग्रीष्मलहर के आसार

सामान्यतः माना जाए तो मार्च और आधा अप्रैल यानी गर्मी का डेढ़ महीना सामान्य उतार-चढ़ाव के साथ बीत गया। अब आने वाले अप्रैल के 15 दिन और मई का पूरा महीना तेज गर्मी के साथ बीतने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में गर्मी ने अपना असर दिखाना भी शुरू कर दिया है। शनिवार को लालपुर मौसम वेधशाला में अधिकतम तापमान 38 डिग्री दर्ज किया गया, जिसमें चौबीस घंटे के भीतर तीन डिग्री की बढ़ोतरी हुई और पारा ▶▶|शेष पेज 13 पर



### निर्धारित पोर्टल में अपडेट करनी होगी तीनों भाषा की जानकारी

## स्कूलों को बताना होगा-विद्यार्थियों को पढ़ा रहे कौन-सी भाषा?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीबीएसई ने 2026-27 से कक्षा 6 में तीसरी भाषा अनिवार्य कर दी है। स्कूलों को 7 दिन में इसे लागू करना होगा। किताबें उपलब्ध न होने पर भी पढ़ाई शुरू करनी होगी। चुनी गई भाषा ही आगे कक्षा 9-10 में विकल्प बनेगी। जारी आधिकारिक सर्कुलर में बोर्ड ने इसे "तत्काल और अनिवार्य" बताते हुए सभी संबद्ध स्कूलों को 16 अप्रैल तक इसे लागू करने का निर्देश दिया है। बोर्ड ने कहा है कि कई स्कूल पहले ही इस व्यवस्था को लागू कर चुके हैं, जबकि बाकी सभी स्कूलों को तय समय सीमा के भीतर इसका पालन करना होगा।सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि स्कूलों को तीसरी भाषा की पढ़ाई तुरंत शुरू करनी होगी, भले ही उसकी आधिकारिक किताबें अभी उपलब्ध न हों। सर्कुलर में कहा गया है कि स्कूल फिलहाल स्थानीय स्तर पर उपलब्ध किताबों और अध्ययन सामग्री का उपयोग कर पढ़ाई शुरू करें। आधिकारिक पाठ्यपुस्तकें जल्द उपलब्ध करा दी जाएंगी।

- छठवीं कक्षा से लागू किया गया है तीन भाषा फॉर्मूला




### क्षेत्रीय कार्यालय करेंगे निगरानी

स्कूलों को अपनी चुनी गई तीसरी भाषा की जानकारी औपचारिक रूप से देनी होगी और इसे पोर्टल पर अपडेट करना अनिवार्य होगा। बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय इस प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। सीबीएसई ने यह भी साफ किया है कि कक्षा छठवीं में जो तीसरी भाषा शुरू की जाएगी, वही आगे नवमी और दसवीं कक्षा में विकल्प के रूप में उपलब्ध होगी। इसका मतलब है कि स्कूलों को भाषा का चयन सोच-समझकर करना होगा, क्योंकि बाद में विकल्प सीमित रहेंगे।

### यह है थ्री-लैंग्वेज फॉर्मूला

यह फैसला स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के तहत लिया गया है। इस फॉर्मूले में छात्रों को तीन भाषाएं पढ़ाई जाती हैं। मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा, दूसरी भारतीय भाषा या अंग्रेजी तथा तीसरी भाषा या एक अतिरिक्त भारतीय भाषा। सीबीएसई के अनुसार, इसका उद्देश्य छात्रों में भाषा कौशल, सांस्कृतिक समझ और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। बोर्ड ने सभी स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे जरूरी कदम उठाकर इस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि क्षेत्रीय अधिकारी इसकी निगरानी करेंगे और अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। यह कदम देश की नई शिक्षा नीति और मल्टी-लैंग्वेज शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## विधायक खुशवंत साहेब के कार्यालय में आज जनदर्शन



**आरंग।** छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के मंत्री गुरु खुशवंत साहेब द्वारा 13 अप्रैल को आरंग स्थित नेता जी चौक, विधायक कार्यालय में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जनदर्शन कार्यक्रम प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्र के आम नागरिक अपनी समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें सीधे मंत्री के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, ताकि प्राप्त आवेदनों पर मौके पर ही आवश्यक कार्यवाही करते हुए समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। जनदर्शन कार्यक्रम शासन की जनकल्याणकारी सोच का प्रतिबिंब है, जिसके माध्यम से शासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है। यह पहल प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक संवेदनशील, जवाबदेह एवं जनोन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री द्वारा प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक आम नागरिकों की समस्याओं की व्यक्तिगत रूप से सुनवाई की जाएगी। इसके पूर्व प्रातः 9:00 बजे से पंजीयन प्रक्रिया (नाम, ग्राम एवं समस्या) प्रारंभ कर दी जाएगी, जिससे प्रत्येक आवेदक की समस्या सुव्यवस्थित रूप से दर्ज हो सके। मंत्री ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से अवगत कराएं, ताकि उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा सके।

## निनवा में कल मनाएंगे श्री हनुमान जन्मोत्सव

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम निनवा में 14 अप्रैल दिन मंगलवार को हनुमान जन्म उत्सव मनाया जाएगा। शाम 6 बजे हवन पूजन एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर रात्रि 9 बजे मंगल भवन परिसर में दाई के दुलरुवा नवरत्न जस झांकी परिवार पटपर डोंगरगढ़ का कार्यक्रम आयोजित है। उक्त जानकारी सरपंच गोविंद सारंग ने दी।

## ब्लाक कांग्रेस की बैठक में कमेटियों के गठन पर चर्चा

**सिलयारी।** जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बूथ कमेटी गठन के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया जिसमें बूथ कमेटी गठन एवं पंचायत कमेटी गठन को लेकर चर्चा की गई। ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वर्मा एवं सभी मंडल अध्यक्षगण ने बूथ गठन के संबंध में जिला प्रभारी विनोद चंद्राकर एवं जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे को जानकारी दी, जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेताओ ने सभी कार्यकर्ताओं को एक जूट और संगठन में ईमानदारी से काम करने के निर्देश दिए यह कार्यक्रम नगर पंचायत कुर्रा के साहू भवन में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, जिला प्रभारी विनोद चंद्राकर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धरसीवां आशीष वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष उद्यो वर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य हरिशंकर निषाद, चूड़ामणि साहू नीलमणि परगनिया, नीतू साहू, सुरेश कुमार साहू, राजा खान, मंडल अध्यक्ष, प्रमोद शर्मा, साहिल खान पंकज नायक उपस्थित रहे।

## शीतला मंदिर निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन

**कूंरा।** रानी सागर तालाब में साहू समाज एवं नगर पंचायत कुंवरगढ़ कुंरा के समस्त नागरिकों के सहयोग से भव्य शीतला मंदिर नव निर्माण भूमि पूजा कार्यक्रम नगर पंचायत कुंरा के बहुत ही प्रतिष्ठित बंटी महाराज द्वारा संपन्न किया गया। जिसमें मुख्य रूप से साहू समाज संरक्षक देवानंद साहू , साहू समाज अध्यक्ष सुरेश कुमार साहू , उपाध्यक्ष छेदीलाल साहू , महिला उपाध्यक्ष हेमीन बाई साहू , सचिव भूपेंद्र साहू , कोषाध्यक्ष धनसाय साहू , नगर पंचायत कुंरा के अध्यक्ष गोविंद साहू , पूर्व अध्यक्ष ढालेंद्र वर्मा , पूर्व उपाध्यक्ष अनिल बघेल , पार्षद ईश्वर यादव , हरीश साहू , सुंदर साहू , संजय साहू सहित नगर के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए थे ।

# 3 अप्रैल को पर्ची कटी पर आज तक गैस नहीं मिली, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

### मौके पर नपा अध्यक्ष डा. जैन ने दी समझाइश तो आंदोलन टला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरंग

एलपीजी वितरण पर सरकार के तमाम अच्छे दावों के बावजूद आरंग में जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। अभी भी लोगों को गैस के लिए लंबा इंतजार, कतार और एजेंसी के चक्कर लगाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। उसके बाद भी सिलेंडर न मिले तो लोगों को सोए हुए प्रशासन को जगाने चक्का जाम करना पड़ रहा है। रविवार की सुबह आरंग में गैस नहीं मिलने से लोगों ने चक्का जाम कर आक्रोश व्यक्त किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरंग के अलावा दूर-दराज गांवों से आए लोग गैस के लिए तड़के सुबह से ही कतार में लग जाते हैं, परंतु आज रविवार को गैस का लोड उपलब्ध होने के बाद भी गिरजा इंडेन एजेंसी द्वारा गैस वितरण से मना करने के बाद लोगों का धैर्य टूट गया। सैकड़ों की संख्या में स्थानीय और ग्रामीणों ने आरंग-खरोरा मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। आक्रोशित लोगों ने बताया कि 3 अप्रैल को पर्ची कटाने के बाद रविवार को गैस के लिए बुलाया गया था, लेकिन ऐन वक्त में एजेंसी ने गैस सिलेंडर बांटने से मना कर दिया। इस बीच लोगों ने प्रशासन और एजेंसी के खिलाफ जमकर नारे लगाए। लोगों ने गैस एजेंसी पर मनमानी और कालाबाज़ारी करने का भी आरोप लगाया। चक्का जाम की सूचना पर मौके पर पहुंची आरंग पुलिस ने लोगों को समझाइश देकर जाम खत्म करने की अपील की।



**एजेंसी की मनमानी**

इस बीच पुलिस अधिकारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से बात कर गैस वितरण को लेकर व्यवस्था बनाने की बात कही। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। आरंग में एक ही गैस एजेंसी होने के कारण एजेंसी की मनमानी चल रही है। कुछ दिन पहले एजेंसी के संचालक और कर्मचारियों को बुलाकर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन द्वारा फटकार लगाकर व्यवस्था सुधारने कहा गया था, लेकिन गैस एजेंसी का ढर्रा अभी भी वैसा ही बना हुआ है।

### समाज के वर्षिक अधिवेशन में भवन निर्माण के लिए 10 लाख देने की घोषणा की

# प्रदेश के विकास में देवांगन समाज का योगदान महत्वपूर्ण : मंत्री खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंदिरहसौद

रविवार को कोरासी राज देवांगन समाज का वर्षीक अधिवेशन भानसोज में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के मुख्य आतिथ्य संतराम देवांगन अध्यक्ष कोरासीराज देवांगन समाज की अध्यक्षता व अमर मांडले सभापति जनपद पंचायत आरंग एवम जगमोहन बघेल सरपंच ग्राम पंचायत भानसोज की विशिष्ट अतिथि में सपंन्न हुआ। कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ माता परमेश्वरी के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जहाँ समाज के पदाधिकारियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मंत्री जी का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान पूरा वातावरण माता परमेश्वरी के जयकारों से गुंजायमान रहा और समाज की एकजुटता की एक अनूठी तस्वीर देखने को मिली।अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने भानसोज में सामाजिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रु देने की घोषणा के बाद कहा कि देवांगन समाज एक मेहनतकश और स्वाभिमानी समाज है, जिसने अपनी कला और कौशल के माध्यम से प्रदेश के विकास में हमेशा महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने सामाजिक समरसता पर बल देते हुए कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है जब वह शिक्षित और संगठित हो।





**आधुनिक शिक्षा और तकनीकी ज्ञान को अपनाएं**

उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे आधुनिक शिक्षा और तकनीकी ज्ञान को अपनाएं ताकि भविष्य की चुनौतियों का डटकर सामना कर सकें और समाज का नाम गौरवान्वित कर सकें।मंत्री जी ने आगे कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और देवांगन समाज की जो भी स्थानीय या सामाजिक मांगें हैं, उन पर पूरी संवेदनशीलता के साथ विचार किया जाएगा। उन्होंने समाज के बुजुर्गों के अनुभव और युवाओं के जोश के तालमेल को सराहा और विश्वास दिलाया कि भानसोज क्षेत्र के सामाजिक विकास के कार्यों में संसाधनों की कमी नहीं होने दी जाएगी। इस अधिवेशन में भारी संख्या में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने समाज के विकास का सामूहिक संकल्प लिया।इस अवसर पर गोपाल वर्मा अध्यक्ष भाजपा मंडल मंदिरहसौद महेश साहू पूर्व सरपंच संडी जगमोहन यादव त्रिलोचन साहू जागृति बंजारे आयुष दुबे कोरासी देवांगन समाज के संरक्षक - मनोहर देवांगन अध्यक्ष संतराम देवांगन, कोरासी सचिव सोहनलाल देवांगन कोषाध्यक्ष तिलक देवांगन उपाध्यक्ष लेखराम देवांगन सहसचिव सोमनाथ प्रदेश प्रतिनिधी गुमान देशांगन जिला प्रतिनिधी रेखराज देवांगन गुखेरा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश्वरी देवांगन महिला प्रकोष्ठ सचिव पूर्णिमा देवांगन महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष अनिता देवांगन व समाज सेवक सरजू देवांगन भगवती रवि अनुज शीतला धर्मराज मोहन रेखराज संतोष सहित बड़ी संख्या में देवांगन समाज के लोग उपस्थित थे।

# इंद्रकुमार साहू ने हितग्राहियों का किया सम्मान, संगठन की मजबूती पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ अभनपुर

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी द्वारा राष्ट्रव्यापी 'घर चलो, बस्ती चलो' एवं 'गांव चलो' अभियान के तहत खोरपा मंडल के ग्राम संकरी में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बस्तियों और गांवों के चौक-चौराहों पर आमजन से संवाद कर केंद्र एवं छत्तीसगढ़ सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान विधायक इंद्रकुमार साहू ने योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों का सम्मान कर कहा कि अभियान का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और जन-जन तक पहुंच सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में विशेष रूप से गैर-राजनीतिक युवाओं, महिलाओं एवं समाज के हर वर्ग को पार्टी से जोड़ने पर जोर दिया गया। इस अवसर अवसर पर मंडल अध्यक्ष किशोर साहू, महामंत्री अनिल साहू, जिला कार्यालय प्रभारी मनीष साहू, जिला रायपुर सोशल मीडिया सह प्रभारी नेहरू साहू, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जिला संयोजक राघवेंद्र साहू, सरपंच संघ जिला अध्यक्ष मुकेश ढीढ़ी, किसान मोर्चा अध्यक्ष बिहारी साहू, भाजयुमो अध्यक्ष शशिकांत साहू, श्रीमती पुष्पा मनीष साहू,डॉ. लीलाराम साहू,खुमेश यदु, मानसिंह साहू, महेश्वर साहू, टेटकू विश्वकर्मा, कुलेश साहू, आकाश शर्मा, हिमांशु साहू, यश साहू, विजय शर्मा, मनीष रिगरी, सूरज साहू और चंदन साहू सहित आदि लोग उपस्थित रहे।



# भानसोज में सादगी से मनाई ज्योतिबा फुले की जयंती

**मंदिरहसौद।** रायपुर जिला ग्रामीण पिछड़ा वर्ग कांग्रेस द्वारा आरंग विधानसभा के ग्राम भानसोज में महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती अत्यंत सादगी और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं और ग्रामीणों ने फुले जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक गिरीश देवांगन ने उनके जीवन संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले का पूरा जीवन महिलाओं के सम्मान, शिक्षा और सामाजिक समानता के लिए समर्पित रहा और उनके द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्य आज भी जन-जन के लिए प्रेरणा-पुंज बने हुए हैं। कार्यक्रम का संचालन पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भूषण साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता थान सिंह साहू, ग्राम डिघारी के पूर्व सरपंच नंदकुमार साहू, भानसोज ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष थानू साहू, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष द्रोण चंद्राकर, उप सरपंच नेतराम साहू, पूर्व उप सरपंच फवींद्र वर्मा और पिछड़ा वर्ग महामंत्री नंदकुमार साहू जिला सचिव रामकृत साहू, ब्लॉक सचिव लक्ष्मण साहू, राजू साहू, पूर्व पंच नंद कुमार काठरे, बूथ अध्यक्ष जीवन वर्मा, निलेश साहू, दुलार सिंह बंजारे, बृज किशोर वर्मा, प्यारे साहू, गैंद लाल सिन्हा, राकेश निर्मलकर और भुवन सिन्हा सहित बड़ी संख्या में पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया।

# श्रीहनुमानजी की महाआरती के बाद दुर्गा वाहिनी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तरपोंगी

समीपस्थ ग्राम सरोरा पुरानी बस्ती बजरंग चौक में हनुमान जी का महाआरती राजू शर्मा किसान नेता के नेतृत्व में आयोजित हुआ। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। उनके द्वारा महिलाओं के लिए दुर्गा वाहिनी समिति का गठन भी किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य यह है कि म हि ला एं आत्मनिर्भर बने तथा समाज में अपना अलग पहचान बनाए।



साथ ही साथ नशा मुक्ति जन जागरण का अभियान भी चलाया गया। शर्मा ने बताया कि आज नशे की चपेट युवा वर्ग के साथ साथ पूरा समाज को पीछे धकेल दिया है जो एक कुपोषित बीमारी की तरह समाज को खोखला बना रही है। आज कोई भी नशे के गिरफ्त में आता है तो उसके साथ पूरे परिवार को परेशानी सहनी पड़ती हैं। उन्होंने नारा के माध्यम से कहा कि नशा है ख़राब झन पीहू शराब। उनका उद्देश्य यह है कि समाज को नशे से दूर करके समाज को साफ सुथरा और सभ्य समाज का निर्माण करने की बात कही और आगे नशा मुक्ति का भव्य अभियान रैली के माध्यम से समाज को संदेश देने की घोषणा अपने आशीर्वचन में कही तथा नशे के खिलाफ़ जन जागरण अभियान लगातार चलाने की बात भी कही। इस अवसर पर कार्यक्रम के नेतृत्वकर्ता राजू शर्मा किसान नेता, सरोरा सरपंच प्रतिनिधि विश्राम साहू, कामता प्रसाद शर्मा, शत्रुहन यदु, शेखर शर्मा, सरिता वर्मा, तनीषा देवांगन, दुखीया यदु, इंदु शर्मा, राधिका वर्मा, शीतल यदु, केवरा वर्मा, सौम्य यदु, कमलेश शर्मा, तरुण साहू, दारा जोशी, मनोज यदु, जगन्नाथ यदु, फ्रेंड क्लब सरोरा के संरक्षक शरद राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ सत्याग्रह आंदोलन को मिला समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरंग

- युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के समर्थन से आंदोलन को मिला संबल

देशभर के किसानों पर बढ़ते संकट, किसान-विरोधी नीतियों, सस्ते आयात से फसलों के दामों में गिरावट तथा एमएसपी और मंडी व्यवस्था पर मंडरा रहे गंभीर खतरे के विरोध में रायपुर ग्रामीण जिला युवा कांग्रेस द्वारा चलाया जा रहा किसान न्याय सत्याग्रह तीसरे दिन भी पूरे जोश, ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ जारी रहा। यह सत्याग्रह किसानों की आवाज़ को बुलंद करने, उनके अधिकारों की रक्षा करने और किसान हितों के खिलाफ बन रही नीतियों का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। यह कार्यक्रम अमित सिंह पठानिया, डॉ. मोनिका मंडरे, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, तथा प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। उनके नेतृत्व में यह आंदोलन निरंतर गति पकड़ रहा है और संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होता जा रहा है। सत्याग्रह के तीसरे दिन कार्यक्रम में प्रभारी नीरज घोरे, सह-प्रभारी रौनक सचदेव, तथा तुषार गुहा (अध्यक्ष, मीडिया विभाग) ने सहभागिता करते हुए आंदोलन को अपना महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान किया। बड़ी संख्या में उपस्थित युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने किसानों के समर्थन में एकजुटता का परिचय दिया और आंदोलन को मजबूती प्रदान की।



**किसानों से साथ हो रहा अन्याय**

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सजल चंद्राकर ने कहाः किसानों के साथ हो रहे अन्याय और किसान-विरोधी नीतियों के खिलाफ युवा कांग्रेस हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी। किसानों को उनका उचित मूल्य, सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए यह लड़ाई लगातार जारी रहेगी। जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलता, हमारा यह आंदोलन और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ता रहेगा।/" उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में यह सत्याग्रह और व्यापक रूप लेगा तथा अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर किसानों की आवाज को और बुलंद किया जाएगा। अंत में, युवा कांग्रेस ने यह स्पष्ट किया कि किसानों के सम्मान, अधिकार और भविष्य की सुरक्षा के लिए यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा और संगठन हर परिस्थिति में किसानों के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा।

### ग्राम पंचायत कोरासी में घर-घर पहुँचकर कार्यकर्ताओं ने की चर्चा

# भाजपा ने गांव चलो अभियान में समोदा में किया जन संवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरंग

नगर पंचायत समोदा अध्यक्ष छोटेलाल सोनकर के नेतृत्व में 'गांव चलो, घर-घर चलो, बस्ती चलो अभियान' का सफल आयोजन हुआ। ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना गया और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी जनसंपर्क अभियान 'गांव चलो अभियान' के तहत रायपुर ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व नगर पंचायत समोदा अध्यक्ष छोटेलाल सोनकर, रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, जिला मंत्री पीलाराम निषाद तथा समोदा मंडल अध्यक्ष देवकुमार साहू ने किया। जिसमें आरंग जनपद अध्यक्ष टंकेश्वरी मुरली साहू, गजेंद्र वर्मा, विष्णु धीवर (समोदा मंडल महामंत्री), बूथ अध्यक्ष राकेश पटेल, भुरून देवांगन, राजेश पाटले, मन्नू ध्रुव की भी सक्रिय भागीदारी रही। इस दौरान कार्यकर्ताओं की टीम ने ग्राम पंचायत कोरासी में घर-घर पहुँचकर आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुँचाना और उनकी समस्याओं को समझना रहा। घर-घर संपर्क के दौरान स्थानीय नागरिकों के साथ बैठकर विभिन्न मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा की गई, जिसमें प्रमुख रूप से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, बिजली व्यवस्था की स्थिति, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, राशन वितरण प्रणाली तथा राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ शामिल रहा। साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को हर माह मिल रही आर्थिक सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और लाभार्थियों से फीडबैक लिया गया। "हर घर तक सुशासन पहुँचाना हमारा लक्ष्य" — इस उद्देश्य के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में समोदा मंडल और कोरासी के प्रमुख नागरिक एवं कार्यकर्ता— सह मीडिया प्रभारी बिजेश्वर बंजारे, नगर पंचायत समोदा वार्ड 13 पार्षद राजेश साहू, सोहन साहू, तोरण साहू, अश्वनी शर्मा, किरण कन्नौजे, मोहन वर्मा, बरातू साहू सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता भी उपस्थित रहीं।




**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल, खरोरा तहसील-खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजमोहन जायसवाल पिता/पति का नाम स्व. रामकुमार निवासी आरंग ग्राम नवागांव प.ह.नं. राजस्व निरीक्षक मंडल खरोरा, तहसील-खरोरा द्वारा आवेदित भूमि खसरा नं. 110/13 रकबा 0.3640 के भूमि का सीमांकन/नक्शा बटांकन न्यायालय तहसीलदार के ज्ञापन/मामला क्रमांक Q खरोरा दिनांक 06/04/2026 के परिपालन में दिनांक 17/04/2026 को समय.... बजे अपरान्ह मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः सीमांकन/नक्शा बटांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन/ नक्शा बटांकन हेतु नियत तिथि में राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**खरोरा**

# युद्ध ने निकाला आलू का दम, दाम हुए कम, थोक में सात रुपए, पर चिल्हर में लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

आलू का इस बार देश भर में डेढ़ गुना उत्पादन होने के साथ ही इसका इस बार खाड़ी देशों में जाना बंद होने के कारण इसके दाम बरसों बाद थोक में 7 रुपए हो गए हैं। थोक कारोबारियों के मुताबिक 20 साल से ज्यादा हो गए, लेकिन पहले कभी इतने कम दाम नहीं रहे हैं। दाम कम होने से कमाई भी नहीं हो रही है। बंगाल से आलू 4.00 से 4.50 रुपए में आ रहा है, 2.50 रुपए भाड़ा ही लग जा रहा है। ऐसे में सात रुपए में ही बेचना पड़ रहा है क्योंकि लेवाली भी कम है। एक तरफ जहां थोक में दाम कम हैं, वहीं चिल्हर में लूट है। ग्राहकों से 15 से 20 रुपए वसूले जा रहे हैं।

अपने राज्य में आलू बंगाल और उप्र से आते हैं। रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में ज्यादातर बंगाल के आलू पसंद किए जाते हैं। बिलासपुर और सरगुजा संभाग में उप्र के आलू ज्यादा चलते हैं। आलू का उत्पादन करने वाले इन दोनों राज्यों में इस बार फसल बहुत ज्यादा हुई है। फसल बीते साल से इस बार डेढ़ गुना होने के कारण इसकी कीमत बहुत कम हो गई है। कारोबारियों के मुताबिक किसानों को जहां भारी नुकसान हो रहा है, वहां कारोबारियों की कमाई भी चौपट हो गई है।

## पहली बार इतने कम दाम, बंगाल, यूपी से आ रहा 4 से 4.50 रुपए में, 2.50 रुपए भाड़ा

### बाहर जाना भी बंद

आलू की फसल ज्यादा होने के साथ ही इस बार अमेरिका, इजरायल, ईरान युद्ध के कारण खाड़ी देशों में आलू जाना बंद हो गया है। खाड़ी देशों में आलू न जाने के कारण स्टॉक और ज्यादा होने से दाम नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में बंगाल और उप्र से आने वाले आलू के दाम 4.00 से 4.5 रुपए है। इसके दाम हर दिन स्थिति के हिसाब से कम ज्यादा भी होते रहते हैं। लेकिन ज्यादातर वहां से आने वाले आलू के दाम यही हैं। इसमें भाड़ा बहुत ज्यादा है। एक किलो के पीछे 2.50 रुपए तक भाड़ा लग जा रहा है। ऐसे में यहां पर आलू सात 6.5 से 7.00 रुपए किलो पहुंच कर पड़ रहा है। ऐसे में बड़े थोक कारोबारी तो इसको सात रुपए में ही बेच दे रहे हैं ताकि उनका कारोबार चलता रहा।



### चिल्हर में दाम डबल

एक तरफ जहां थोक में दाम सात से आठ रुपए हैं, वहीं चिल्हर में कोई माई-बाप नहीं है। चिल्हर में इसके दाम डबल और इसके भी ज्यादा हैं। जहां शास्त्री बाजार जैसी सब्जी मंडी में इसके दाम 15 रुपए किलो हैं, वहीं शहर की अन्य सब्जी मंडियों के साथ ही ठेलों में बेचने वाले इसको 20 रुपए किलो में बेच रहे हैं।

### इतने कम दाम पहली बार

*करीब 20 साल से हम देख रहे हैं आलू के इतने कम दाम कभी नहीं रहे हैं। आमतौर पर अच्छी क्वालिटी के आलू के दाम थोक में 10 से 12 रुपए रहते हैं, लेकिन इस बार दाम 7 रुपए किलो हैं।*

*अजय अग्रवाल*
*अध्यक्ष,*
*भनपुरी आलू-प्याज मंडी*

## खबर संक्षेप

### इंडोर स्टेडियम में कल मनेगी बाबा आंबेडकर की जयंती

**रायपुर।** बहुजन समाज पार्टी की ओर से इंडोर स्टेडियम बूढ़ातालाब में 14 अप्रैल को डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। यह जानकारी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष मारकंडे ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद होंगे। विशिष्ट अतिथि प्रदेश प्रभारी राजाराम होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष श्याम टंडन करेंगे।

### धरसींवा में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान



**रायपुर।** गांव चलो अभियान के तहत धरसींवा मंडल के ग्राम धरसींवा व परसतराई तथा तिल्दा मंडल के ग्राम सरोरा व सड्डू में रविवार को सघन जनसंपर्क केंद्र और राज्य सरकार के योजनाओं व नीतियों का प्रचार-प्रसार एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान हुआ। साथ ही छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परम्परा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला ने प्रसिद्ध महापुरुष ज्योतिबा फुले का भी स्मरण किया एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। उनके द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों जैसे बालिकाओं का प्रथम स्कूल, सत्यशोधक समाज की स्थापना को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही ग्राम पंचायत सरपंच भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामवासियों के साथ स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाकर साफ-सफाई किया और लाभार्थियों से भेंट करते हुए नगर भ्रमण किया। इसी दौरान स्वामी विवेकानंद के मूर्ति पर माल्यार्पण कर साफ-सफाई की। कार्यक्रम में राकेश यादव, कौशल साहू, किरन साहू, मो. युनूस, डॉ. कृष्ण कुमार वर्मा, फाजिल खान, लीला ललित साहू, ललित साहू, अंजनी प्रकाश निषाद, पत्रकार हेमंत वर्मा, चंद्रकांत साहू, रवि साहू, हरि निषाद, कुलेश्वर साहू, टीकम वर्मा आदि शामिल हुए।

### दांतों की देखभाल के लिए हर छह माह में जांच कराएं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन और गुरुद्वारा



गुरुनानक साहिब रावांभाठा द्वारा रावांभाठा में रविवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 70 लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। शिविर में अधिकांश लोगों ने ब्लडप्रेशर, शुगर, पल्स रेट की जांच कराई। वहीं शिवनाथ ब्लड सेंटर द्वारा ब्लड डोनेशन के अंतर्गत 5 व्यक्तियों द्वारा दिए रक्तदान पर दानदाताओं को सर्टिफिकेट व एक उपहार भी प्रदान किया गया। सेंटर से नर्स प्रेमलता पटेल व नर्स देवश्री साहू ने रक्तदान से होने वाले कई फायदों की जानकारी पोस्टर के माध्यम से दी। मरीजों का जांच के दौरान दंत रोग विशिषज्ञ डॉ. सोनल अग्रवाल ने बताया कि व्यक्ति भले ही स्वस्थ हो, पर उसे हर छह महीने में अपने दांतों की डॉक्टर से जांच करानी चाहिए। उन्होंने कहा अब रायपुर में भी दंत रोग चिकित्सा में "एआई" तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। शिविर में एसोसिएशन के चेयरमैन मेडिकल कमेटी के प्रमुख और हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह छाबड़ा ने भी मरीजों का परीक्षण किया और परामर्श प्रदान किया।

## अगले माह नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी के ऐलान की संभावना

# नितिन की नई टीम में छत्तीसगढ़ को मिल सकती है अहमियत, एक महासचिव भी संभव

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। उनकी नई कार्यकारिणी का अगले माह ऐलान होने की संभावना है। ऐसे में यह बात तय है कि छत्तीसगढ़ को उनकी कार्यकारिणी में बहुत अहमियत मिलने वाली है। वैसे भी छत्तीसगढ़ को हमेशा से राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महत्व मिलता रहा है। एक बार सरोज पांडेय महासचिव रह चुकी हैं। इस समय सरोज पांडेय के साथ लता उसेंडी उपाध्यक्ष हैं। नई कार्यकारिणी में इस बार किसी नेता को महासचिव का पद भी मिल सकता है।

*राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा भी छत्तीसगढ़ के प्रभारी रहे और वे भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बने*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग राज्य बनने के बाद से ही छत्तीसगढ़ को हमेशा भाजपा के राष्ट्रीय संगठन में कोई न कोई पद मिलता रहा है। छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री नरेंद मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह से लेकर सभी राष्ट्रीय नेता बहुत अहमियत देते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्षों का भी छत्तीसगढ़ से लगाव रहा है। छत्तीसगढ़ भाजपा के लिए यह सौभाग्य की बात है कि भाजपा के इस बार के नए अध्यक्ष नितिन नवीन भी छत्तीसगढ़ के प्रभारी हैं। इसके पहले राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा भी छत्तीसगढ़ के प्रभारी रहे और वे भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर छत्तीसगढ़ को महत्व भी मिला।



### एक समय तीन उपाध्यक्ष रहे

प्रदेश में जब 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जब प्रदेश में हार मिली थी तो इसके बाद प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह को वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया था। उन पर राष्ट्रीय संगठन बहुत भरोसा करता था और उनको कई बड़े काम भी दिए गए। एक बार उन्होंने 26 जनवरी 2023 को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में जेपी नड्डा के बाहर रहने पर झंडा भी फहराया। वे प्रदेश के पहले नेता हैं जिनको यह मौका मिला है। एक समय में राष्ट्रीय संगठन में डॉ. रमन सिंह, सरोज पांडेय और लता उसेंडी तीन उपाध्यक्ष थे। 2023 में विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी और डा. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष बने तो उन्होंने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दिया।

### सरोज पांडेय रहीं है महासचिव

सरोज पांडेय प्रदेश की एकमात्र नेत्री हैं जो राष्ट्रीय महासचिव रहीं हैं। वह भाजपा की राष्ट्रीय महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहीं हैं। करूणा शुक्ला भी राष्ट्रीय



महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रहने के साथ ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रही हैं। रामविचार नेताम जहां अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं, वहीं वे राष्ट्रीय महामंत्री भी रहे हैं। इस समय सरोज पांडेय और लता उसेंडी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। इसी के साथ धरमलाल कौशिक और अजय चंद्राकर राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य हैं। अब नितिन नवीन की नई कार्यकारिणी में भी प्रदेश के नेताओं को अहमियत मिलेगी। श्री नवीन प्रदेश के हर नेता के बारे में जानते हैं, ऐसे में वे किसी भी नेता को बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं।

### नए चेहरों को मिल सकता है मौका

*श्री नवीन की टीम में प्रदेश के नए चेहरों को मौका मिल सकता है। इस बात की भी संभावना है कि भाजपा का नारी शक्ति वंदन का अभियान चल रहा है और अब लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के लिए बिल भी लाने की तैयारी है। इसके लिए लोकसभा का विशेष सत्र 16 अप्रैल से होने वाला है। ऐसे में प्रदेश की किसी महिला नेत्री को भी महासचिव बनाया जा सकता है। महिला को नहीं बनाया गया को किसी पुरुष नेता को महासचिव का पद दिया जा सकता है। इसके अलावा और एक-दो नेताओं को कार्यकारिणी में लिए जाने की संभावना है। कम से कम प्रदेश के दो नेताओं के नई टीम में रहने की संभावना है।*

# पीएम आशा योजना में केवल धमतरी में बड़ी खरीदी, बाकी जिलों में कम हुआ उपार्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ धान के बदले दलहन-तिलहन, उगाने में किसानों की दिलचस्पी कम

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम आशा) के तहत प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अधिसूचित फसलें अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन एवं रबी विपणन वर्ष 2026-27 हेतु अधिसूचित फसलें चना, मसूर एवं सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्राथमिक सहकारी समिति (पैक्स) के माध्यम से उपार्जन किया जा रहा है, लेकिन अप्रैल के पहले सप्ताह तक की स्थिति में राज्यभर में केवल धमतरी जिले में ही सबसे अधिक किसानों ने अपनी उपज बेची है। इस मामले में राज्य के अन्य जिलों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत समितियों में उपार्जन के लिए प्रदेश के किसानों का एकीकृत किसान पोर्टल में अपनी फसल के रकबे का पंजीयन कराया गया था। खरीफ फसलें मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन की उपार्जन अवधि 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 एवं अरहर फसल हेतु 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 है तथा रबी फसलें सरसों उपार्जन अवधि 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 एवं चना, मसूर फसल हेतु उपार्जन अवधि 1 मार्च 2026 से 30 मई 2026 है।



### एक नजर अब तक की स्थिति पर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान राज्य की विभिन्न समितियों में उपार्जन कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। अप्रैल 2026 तक की स्थिति के अनुसार, राज्य के प्रमुख जिलों में सोयाबीन, अरहर, चना, मसूर और सरसों की खरीदी के उत्साहजनक आंकड़े सामने आए हैं, लेकिन ये भी साफ होता है कि यह योजना आशा कुछ जिलों में ही रंग लाई है, कई जिलों में प्रदर्शन निराशाजनक रहा है।

### उपार्जन की निगरानी और नोडल एजेंसियां

इस पूरी खरीदी प्रक्रिया के लिए केंद्र सरकार द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित को केंद्रीय नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है। ये एजेंसियां सेवा सहकारी समितियों और एफपीओ के माध्यम से सीधे किसानों से संपर्क कर उपार्जन सुनिश्चित कर रही हैं।

### चने की रिकॉर्ड खरीदी और प्रमुख जिले

रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में चना सबसे प्रमुख उपार्जित फसल बनकर उभरी है। धमतरी जिला इस सूची में सबसे ऊपर है, जहां 1429 किसानों से कुल 18,639 क्विंटल चने की खरीदी की गई है। इसके बाद बालोद जिला है, जहां 431 किसानों से 6,034.50 क्विंटल चना खरीदा गया। बेमेतरा में 240 किसानों ने 3,409 क्विंटल और राजनांदगांव जिले में 121 किसानों ने 1,484 क्विंटल चना विक्रय किया है।

## सीएम साय बोले

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम समावेशी लोकतंत्र की दिशा में ऐतिहासिक पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संवेदनशील और सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया है। उन्होंने कहा, यह अधिनियम देश की मातृशक्ति को निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक दूरगामी और महत्वपूर्ण कदम है, जो 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को वास्तविक रूप देता है। मुख्यमंत्री ने कहा, आज भारत की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और परिश्रम से नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। ऐसे में राजनीतिक प्रतिनिधित्व में उनकी भागीदारी को संस्थागत स्वरूप देना समय की मांग है। उन्होंने कहा, यह पहल लोकतांत्रिक संस्थाओं को और अधिक प्रतिनिधिक, संतुलित और प्रभावी बनाएगी।

रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में बैठक के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक जनजागरूकता को लेकर मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों एवं संगठन पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा, समाज की प्रगति महिलाओं की समान भागीदारी से ही संभव है और इस दिशा में समन्वित प्रयास आवश्यक हैं।

### ये रहे उपस्थित

*बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, गुरु खुशवंत साहेब, राजेश अग्रवाल, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं संतोष पांडेय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाठिया, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, डॉ. नवीन मार्कंडेय, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा एवं आर. कृष्णा दास, विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, महिला मोर्चा की अध्यक्ष विभा अवस्थी, प्रदेश मीडिया संयोजक हेमंत पाणिग्रही, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक मितुल कोठारी, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. किरण बघेल एवं शताब्दी पांडे, जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।*

### सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें : किरण देव

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी पहल बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह अधिनियम देश की मातृशक्ति को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने का मजबूत आधार प्रदान करेगा।

### राष्ट्रीय पेंशन और राज्य पेंशन का 4 महीने से भुगतान नहीं

**रायपुर।** राष्ट्रीय पेंशन एवं राज्य पेंशन का 4 महीने का भुगतान नहीं किया गया है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने बुजुर्ग, दिव्यांग, विधवा, परित्यक्ता, लाचार, बेबस हितग्राहियों की पेंशन राशि तत्काल खाते डालने की मांग की केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार से की है। साथ ही तत्काल महतारी वंदन योजना के तहत दी जाने वाली राशि सभी महिलाओं को भुगतान करने की मांग की है। केवायसी के नाम पर बहुत से महिलाओं को राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। लाचार लोगों की पेंशन राशि रोकने की कड़े शब्दों में निंदा की है।



श्री वर्मा ने बताया कि जिस उद्देश्य से बेसहारा, विधवा, परित्यक्ता, दिव्यांगग एवं वृद्धजनों को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार से विभिन्न प्रकार की पेंशन के माध्यम से सरकार मदद करती है, ऐसे हितग्राहियों को विगत दिसंबर के बाद से पेंशन नहीं मिल रही है। ये सरकार की तुगलकी, जनविरोधी नीतियों का जीता-जागता उदाहरण है।

सूची जारी होने के बाद कांग्रेस नेताओं से चर्चा कर बनी सहमति

# आधा दर्जन नाम बदलने के बाद वार्ड अध्यक्षों की सूची पर पीसीसी की मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन द्वारा दो दिन पहले जारी की गई वार्ड अध्यक्षों की सूची में से आधा दर्जन नाम बदलने और कार्यकारी अध्यक्षों को सूची से हटाने के बाद पीसीसी ने इस पर मुहर लगा दी। अब सभी 70 वार्डों के अध्यक्षों के नाम जारी किए गए हैं। शनिवार को जारी सूची को लेकर शहर के चारों विधानसभा क्षेत्रों के नेताओं की बैठक पीसीसी प्रभारी महमंत्री मलकीत सिंह गैंदू और शहर अध्यक्ष की उपस्थिति में चर्चा की गई। चर्चा के बाद नामों पर सहमति जताई गई।

वार्ड अध्यक्षों की सूची को लेकर घंटों मंथन किया गया। इस दौरान रायपुर दक्षिण से पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, आकाश शर्मा से चर्चा कर यहां के एक-दो वार्डों में नामों को लेकर आपत्ति आई थी। शहर अध्यक्ष ने प्रभारियों की अनुशंसा के आधार पर नाम आगे बढ़ाए थे। अब वहां पर तीनों नेताओं से चर्चा के बाद कुछ



वार्डों में नाम परिवर्तन किया गया। रायपुर उत्तर से कुलदीप जुनेजा से चर्चा की नामों पर सहमति बनी। वहीं रायपुर पश्चिम से पूर्व विधायक विकास उपाध्याय की सहमति से कई वार्ड अध्यक्ष बनाए गए हैं। यहां से सुबोध हरितवाल से भी चर्चा कर कुछ वार्डों में सक्रिय लोगों को प्रतिनिधित्व दिया गया। बताया गया है कि रायपुर ग्रामीण में पंकज शर्मा से चर्चा कर सक्रिय लोगों को स्थान दिया गया। पीसीसी ने पहली सूची में जारी कार्यकारी अध्यक्षों को हटा दिया।

### अब शहर के मंडल और बूथ की बारी

पहली सूची पर उठे विवाद के बाद अब नेताओं के साथ समन्वय बनाकर मंडल और बूथ अध्यक्षों की सूची को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। पिछले दिनों हुई बैठक के बाद मंडल के 80 प्रतिशत नामों पर सहमति बन गई है। यह सूची जल्द जारी किए जाने की संभावना है। सभी जगहों पर पर्यवेक्षक और प्रभारियों की बैठक के बाद नाम दिए जा चुके हैं।

### जिला कार्यकारिणी 15 तक

पीसीसी ने जिला अध्यक्षों की बैठक में 15 अप्रैल तक जिला कार्यकारिणी की सूची जारी करने का फरमान जारी किया है। रायपुर शहर और ग्रामीण की कार्यकारिणी अब तक जारी नहीं हुई थी। वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से चर्चा के बाद सूची तैयार की जा रही है। सूची एक-दो दिन में जारी किए जाने की संभावना है।

## 876 पद स्वीकृत, 462 कार्यरत, 400 से अधिक पद खाली

# प्रदेश में हैंडपंप टेक्नीशियन के 50 फीसदी पद खाली, कैसे चलेगा काम?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों सहित मैदानी इलाकों में पेयजल क प्रमुख स्त्रोत हैंडपंप की देखरेख और मरम्मत के लिए पर्याप्त संख्या में हैंडपंप तकनीशियन नहीं होने से गर्मी के दिनों में हैंडपंप की मरम्मत और जलस्तर में गिरावट आने पर पानी शुद्धिकरण के लिए केमिकल डालने का काम प्रभावित हो रहा है। प्रदेशभर के 33 जिलों में हेंडपंप तकनीशियन के 876 पद स्वीकृत हैं, पर वर्तमान में 462 कर्मचारी ही संबंधित एरिया में कार्यरत हैं, जबकि 400 से



ज्यादा खाली पड़े हैं। ऐसे में हैंडपंप के रखरखाव और देखरेख का कार्य प्रभावित हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, एक हैंडपंप तकनीशियन के कार्यक्षेत्र में 10 से 12 गांवों के हैंडपंप मरम्मत का जिम्मा दिया गया है, इससे हैंडपंप खराब होने पर शिकायत के बाद भी उसकी मरम्मत का काम समय पर नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सेटअप के हिसाब से छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में हैंडपंप तकनीशियन के 872 पद स्वीकृत हैं। वर्तमान में इसमें 462 तकनीशियन विभिन्न जिलों में कार्यरत हैं, जबकि 414 पद खाली हैं। यहीं नहीं, सेवानिवृत्ति के साथ ही आने वाले दिनों में इनकी संख्या में और कमी आएगी। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक जलस्त्रोत होने के कारण हैंडपंप की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इसे देखते हुए सेटअप रिवाइस करने की मांग कर्मचारी संगठनों द्वारा की जा रही है।

### हैंडपंप तकनीशियन की फील्ड में स्थिति

| जिले का नाम | स्वीकृत पद | कार्यरत | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 24 | 15 | 9 |
| महासमुंद | 30 | 15 | 15 |
| धमतरी | 24 | 14 | 10 |
| बलौदाबाजार | 30 | 19 | 11 |
| गरियाबंद | 30 | 12 | 18 |
| दुर्ग | 18 | 10 | 8 |
| बालोद | 19 | 17 | 12 |
| बेमेतरा | 23 | 11 | 12 |
| राजनांदगांव | 18 | 9 | 9 |
| मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी | 18 | 7 | 11 |
| खैरागढ़, छुईखदान-गंडई | 18 | 11 | 7 |
| कबीरधाम | 24 | 11 | 13 |
| बिलासपुर | 26 | 13 | 13 |
| गौरेला-पेंड्रा मरवाही | 15 | 7 | 8 |
| मुंगेली | 18 | 9 | 9 |
| कोरबा | 30 | 17 | 13 |
| जांजगीर-चांपा | 29 | 13 | 16 |
| सक्ती | 20 | 8 | 12 |
| रायगढ़ | 42 | 19 | 23 |
| सारंगढ़-बिलाईगढ़ | 16 | 7 | 9 |
| सरगुजा | 41 | 23 | 18 |
| सूरजपुर | 35 | 21 | 14 |
| बलरामपुर | 35 | 20 | 15 |
| कोरिया | 12 | 8 | 4 |
| मनेंद्रगढ़ चिरमिरी -भरतपुर | 18 | 10 | 8 |
| जशपुर | 48 | 26 | 22 |
| बस्तर | 41 | 19 | 22 |
| दंतेवाड़ा | 24 | 18 | 6 |
| बीजापुर | 30 | 21 | 9 |
| सुकमा | 19 | 15 | 4 |
| कोंडागांव | 30 | 17 | 13 |
| कांकेर | 41 | 15 | 26 |
| नारायणपुर | 20 | 9 | 11 |

## खबर संक्षेप

### छग फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज के दोबारा अध्यक्ष चुने गए बजाज



**रायपुर।** अंचल की 6 दशक पुरानी प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्था छत्तीसगढ़ फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज के 2026-28 कार्यकाल के लिए नई कार्यकारी समिति के चुनाव हुए। इस मौके अवसर पर उद्योग जगत के वरिष्ठ उद्यमी शंकर बजाज को पुनः अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। श्री बजाज के नेतृत्व में संस्था ने पूर्व वर्षों में उद्योगों के विकास, नवाचार एवं व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनके दोबारा अध्यक्ष बनने से औद्योगिक क्षेत्र में सशक्त नेतृत्व की उम्मीद बढ़ी है। फेडरेशन की नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष शंकर बजाज, सचिव लव बंसल, कोषाध्यक्ष दिनेश माहेश्वरी, उपाध्यक्ष नवीन लिंबानी, रमेश पंजवानी, सुरेश पटेल, संयुक्त सचिव रमेश पटेल, संयुक्त कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता और संयुक्त सचिव का पद रमेश पटेल ने संभाला। समिति के निदेशकों में नगराज कापसे, संजय चावड़ा, दिलीप पटेल और हरीश मलंग चुने गए। कार्यकारी सदस्य महेश अग्रवाल बनाए गए और सौरभ बरमट, प्रवीण शर्मा को विशेष सम्मानित सदस्य के रूप में नामित किया गया।

### फिजियोथैरेपी शिविर का पुरुष और महिलाओं ने लिया लाभ



**रायपुर।** श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के बैनर तले बालाजी कैंसर रिसर्च अस्पताल जोरा और लाइफ 360 फिजियोथैरेपी सेंटर द्वारा निशुल्क फिजियोथैरेपी शिविर लगाया गया, जहां बड़ी संख्या में जोरा, साईंनगर, कृषक नगर और प्रोफेसर कॉलोनी के पुरुषों और महिलाओं द्वारा स्वास्थ्य लाभ लिया गया। कोविडकाल से लेकर श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा द्वारा चिकित्सा जगत के विविध विशेषज्ञों के परामर्श का लाभ आसपास में निवासरत जनता जनार्दन को मिलता आया है और यह स्वास्थ्य सुधार का सिलसिला निरंतर अभी भी जारी है। इस निशुल्क शिविर को सफलता बनाने में डायरेक्टर डॉ. नीतू वर्मा, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मुकेश, डॉ थानसिंह, डॉ. अंकित तथा रूमा साहू रिसेप्शनिस्ट की विशेष भूमिका रही।

### सतनामी समाज कल मनाएगा बाबा आंबेडकर जयंती

**रायपुर।** भारत रत्न से अलंकृत संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. बीआर आंबेडकर साहब की 135वीं जयंती 14 अप्रैल को सतनामी समाजजन धूमधाम से मनाएंगे। यह कार्यक्रम न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में सुबह 10 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया होंगे। अकादमी के अध्यक्ष केपी खण्डे, महासचिव डॉ. जेआर सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि सुबह 9.30 बजे बड़ी संख्या में सतनामी समाजजन न्यू राजेंद्र नगर के आंबेडकर उद्यान में स्थापित बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करेंगे। इसके बाद अकादमी भवन में गीत, कविता पाठ, संगोष्ठी आदि के माध्यम से बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद कर उनके अमर संदेश शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो विषय पर परिचर्चा कर उनके अनुकरणीय कार्यों को याद करेंगे।

## निधन

### राधेश्याम मिश्रा



**रायपुर।** पुराना पेंशनबाड़ा निवासी राधेश्याम मिश्रा (89) का 12 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी में 13 अप्रैल को किया जाएगा। वे धनंजय, पुरुषोत्तम, कमलेश के पिता, अनुराग और अनुपम के दादाजी थे।

# कलेक्शन सेंटर की अनुमति पर पैथोलॉजी लैब, दर्जनभर और संस्थानों पर कार्रवाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।

कलेक्शन सेंटर की अनुमति पर पैथोलॉजी लैब का संचालन करने वाले दर्जनभर संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर ली गई है। जांच में जिन संस्थानों का पता चला है, उनमें से ज्यादातर अस्पतालों के आसपास संचालित हो रहे थे। पिछली बार जिन संस्थानों के खिलाफ एक्शन लिया गया, उनके द्वारा जुर्माना जमा करने के साथ लायसेंस लेने की प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है।

राजधानी समेत रायपुर जिले में बड़ी संख्या में रक्त से संबंधित विभिन्न तरह की जांच के लिए कलेक्शन सेंटर का संचालन किया जा रहा है। नियम के मुताबिक, इनके पास सैंपल लेने और जांच के लिए अधिकृत लैब तक भेजने का अधिकार होता है, मगर निजी लाभ के लिए इनके द्वारा कई तरह की जांच खुद की जाती है। रायपुर जिले के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बड़ा एक्शन लेते हुए 38 संस्थानों के खिलाफ पिछले दिनों कार्रवाई की थी। ऐसे संस्थानों पर 20-20 हजार का जुर्माना लगाने के साथ ही उन्हें नियमतः अनुज्ञा लेकर काम करने की नसीहत दी गई। इसके बाद विभाग पुनः बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है और इसके लिए करीब दर्जनभर संस्थानों को सूचीबद्ध किया गया है।

सूत्रों का कहना है कि जिन संस्थानों को लिस्टअप किया गया है, उनमें से ज्यादातर विभिन्न अस्पतालों के समीप संचालित हो रहे थे। इन संस्थानों पर तगड़ा जुर्माना लगाने के साथ ही अन्य तरह की कार्रवाई करने की भी तैयारी है। सूत्रों का कहना है कि इस एक्शन के बाद लैब संचालन के लिए आवेदन की प्रक्रिया के बारे में पूछताछ करने वालों की संख्या बढ़ गई है। काफी लोगों जुर्माना भरा है और जिन्होंने ऐसा नहीं किया है, वे लैब बंद कराए जाएंगे।

## बिना अनुमति जांच का खेल, जुर्माने के साथ अब लायसेंस का आवेदन भी

### ऑनलाइन का धंधा भी जोरों पर

पैथोलॉजी से संबंधित जांच कराने ऑनलाइन धंधा भी जोरों पर है। विभिन्न संस्थानों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अपना प्रचार-प्रसार कर विशेष पैकेज पर फुल बॉडी चेकअप की सुविधा का ऑफर दिया जाता है। घर से सैंपल लेकर मोबाइल पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के इस व्यापार को भी जांच के दायरे में लाने की आवश्यकता है।



राजधानी समेत जिलेभर में चल रहा था जांच के नाम पर खेल, सीएमएचओ की बड़ी कार्रवाई
कलेक्शन सेंटर की आड़ में पैथोलॉजी लैब
38 संस्थानों पर एक्शन, लाखों का जुर्माना

### सीमित सुविधाओं का लाभ

शासकीय अस्पतालों में अक्सर कमियों की वजह से विभिन्न तरह की जांच नहीं होने की शिकायत रहती है। इसकी वजह से मरीजों को अपनी बीमारी का पता लगाकर इलाज शुरू कराने के लिए निजी लैब की ओर जाना पड़ता है। शासकीय सेंटरों की इन कमियों का फायदा ऐसे संस्थान उठाते हैं, इसलिए ज्यादातर सेंटर अस्पतालों के आसपास संचालित किए जाते हैं।

## टेंडर खुला, महंगा हुआ पानी पिलाना, 60 रुपए प्रति ट्रिप ज्यादा चुकाएगा नगर निगम

# पानी रे पानी तेरा रंग कैसा...पिछली बार 495 रुपए, इस गर्मी टैंकर का किराया 560 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।



हरिभूमि सरोकार

रायपुर नगर निगम का जल विभाग इस बार 70 वार्डों के जल संकट प्रभावित इलाकों में 560 रुपए प्रति ट्रिप की दर से अनुबंधित ठेकेदारों से किराये के पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाएगा।

ऑन लाइन टेंडर खोलने के बाद दस्तावेज परीक्षण पश्चात सबसे कम रेट 560 रुपए आया है, जो कि पिछली बार तय पानी टैंकर के प्रति ट्रिप दर से 65 रुपए ज्यादा है। गत वर्ष गर्मी के सीजन में प्रति ट्रिप पानी टैंकर के किराये की दर 495 रुपए स्वीकृत की गई थी। अब नगर निगम का जल विभाग संबंधित ठेकेदारों से अनुबंध कर निगम आयुक्त विश्वदीप से हस्ताक्षर लेकर मंगलवार को वर्कआर्डर जारी करेगा।

मंगलवार से शहर के जल संकट प्रभावित इलाकों में हर बार की तरह इस बार भी किराये के टैंकर फेरे लगाकर लोगों की प्यास बुझाते नजर आएंगे। जल विभाग का कहना है कि नगर निगम जोन 5, 8 और जोन 8 के वार्डों में पानी की समस्या ज्यादा है, इसलिए शुरूआत में इन्ही जोन के जल संकट प्रभावित इलाकों में ज्यादा टैंकर चलाए जाएंगे।

सूत्रों के मुताबिक जिन इलाकों में पानी की किल्लत ज्यादा सामने आई है, वहां चिंहाकित पाइंट पर एक की जगह 2 ठेकेदारों को किराये के पानी टैंकर चलाने निर्देशित किया गया है। जल विभाग द्वारा मंगलवार को सभी जोन के लिए पानी के टैंकर की डिमांड अनुसार जल आपूर्ति के लिए एग्रीमेंट कर संबंधित जोन कमिश्नरी को दिया जाएगा।

### टैंकर टेंडर फाइनल, 560 रुपए प्रति ट्रिप दर

महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर जल बोर्ड से सर्वे कराने के बाद जल संकट वाले क्षेत्रों को सूचीबद्ध कर लिया गया है। किराये के टैंकर चलाने ऑनलाइन टेंडर किया गया था, जिसमें 560 रुपए प्रति ट्रिप के हिसाब से दर फाइनल हुआ है।

**नरसिंग फरेंद्र** कार्यपालन अभियंत, जल विभाग नगर निगम रायपुर



गुरुवार को तय होगी प्रति ट्रिप टैंकर किराए की दर
किराए के पानी टैंकर चलाने आधा दर्जन ठेकेदारों ने भरी निविदा, दस्तावेज परीक्षण के बाद ठेका

### 10 से 15 पानी टैंकर से होगी शुरुआत

इस माह के दूसरे पखवाड़े से रायपुर शहर में किराये के पानी टैंकर से जल आपूर्ति की शुरूआत होगी। सूत्रों के मुताबिक 10 से 15 पानी टैंकर जोन के माध्यम से अलग-अलग इलाकों में लोगों की प्यास बुझाने भेजे जाएंगे। इसके साथ ही नगर निगम अपने 18 विभागीय पानी टैंकर भी लोगों की मांग और पानी की जरूरत को ध्यान में रखते हुए संचालित करेगा। निगम मुख्यालय के पास वर्तमान में 48 पानी टैंकर हैं , जिसका उपयोग आमतौर पर आम जनता के सहूलियत के सामाजिक, धार्मिक कार्य, शासकीय आयोजन, विशिष्ट जनों के कार्यक्रम सहित अन्य प्रयोजन के लिए किया जाता है।

### किराये के पानी टैंकर का बजट बढ़ा, इस बार 1.50 करोड़ का टेंडर

रायपुर नगर निगम हर साल की तरह इस बार भी गर्मी में किराये के पानी टैंकर भेजकर जल आपूर्ति की व्यवस्था कर रहा है। पिछले साल 1 करोड़ रुपए किराये के पानी टैंकर में खर्च हुए। इस बार इस काम के लिए शहरी सरकार ने 1:50 करोड़ रुपए का प्रावधान कर टेंडर फाइनल किया है। एक ट्रिप पानी सप्लाई पर 560 रुपए के हिसाब से ठेकेदारों को नगर निगम भुगतान करेगा। शहर में जहां -जहां पानी की जरूरत पड़ेगी, उन क्षेत्रों की मानिटरिंग की जिम्मेदारी जोन कमिश्नरों की होगी।

### लो प्रेशर और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन आधी अधूरी

शहर के कई इलाकों में नलों के लो प्रेशर और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन आधी-अधूरी बिछी होने का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा पानी की दिक्कत लभांडी, खम्हारडीह, दलदल सिवनी, चंगोराभाठा, इलाकों में हो रही है। इसके साथ ही पीएम आवासीय परिसर, हाउसिंग बोर्ड की कालोनियों में पानी की समस्या से लोग परेशान हैं। पेयजल की समस्या से निपटने नगर निगम के पास खुद के 18 पानी टैंकर हैं, अभी उन टैंकरों से कई मोहल्लों और कालोनियों में पानी भेजा जा रहा है।

# वनों में अवैध शिकार-कटाई एवं अतिक्रमण की अब होगी डिजिटल मॉनिटरिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वन अपराधों की निगरानी, कार्रवाई में पारदर्शिता एवं गति लाने डिजिटल मॉनिटरिंग की पहल की गई है। 'प्रेलिमिनरी ऑफेंस रिपोर्ट (पीओआर)' प्रणाली के जरिए इससे मदद मिलेगी। वन में अवैध शिकार, अवैध कटाई एवं अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई के भी निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही ग्रीष्मकाल में वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम के लिए फील्ड स्टाफ की सक्रियता बढ़ाने और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वनमंत्री ने केदार कश्यप ने पिछले दिनों विभाग की समीक्षा लेकर अधिकारियों से कहा था कि सिर्फ योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है, उनका असर जमीन पर दिखना चाहिए। उन्होंने विभाग को रोजगार सृजन, वन आधारित उद्योगों के विस्तार और राज्य की पहचान मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वन संरक्षक एवं वन मंडलाधिकारियों से कहा गया है कि विभिन्न योजनाओं का असर धरातल पर दिखना चाहिए और हर पात्र हितग्राही तक समय पर लाभ पहुंचाना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

- वनमंत्री ने अफसरों से कहा- योजनाओं का असर धरातल पर दिखे

### कैम्पा फंड का पूरा उपयोग करें

वनमंत्री ने विभाग के अधिकारियों से कहा कि 2024-25 एवं 2025-26 के सभी स्वीकृत कैम्पा कार्यों का 100 प्रतिशत व्यय सितंबर 2026 तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। किसी भी स्थिति में फंड लैप्स स्वीकार्य नहीं होगा। भूमि संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए लैंड बैंक व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया, ताकि विकास कार्यों में अनावश्यक देरी न हो। वहीं वन्यप्राणी प्रबंधन योजना में गुणवत्ता सुधार, व्यय वृद्धि तथा संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने कहा।

### वनोपज आधारित रोजगार पर जोर

उन्होंने कहा, बस्तर क्षेत्र जो माओवाद के प्रभाव से मुक्त हो गया है। वहां पर भी वन अमले की उपस्थिति दिखनी चाहिए और रोजगारमूलक कार्यों को बढ़ावा देने के साथ-साथ कूपों की कटाई कराने तथा अमले की आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिक से अधिक वनोपज पर आधारित रोजगार मूलक कार्य गतिविधियों को बढ़ाने की बात कही। साथ ही वनक्षेत्रों में लघु वनोपज का शत-प्रतिशत संग्रहण सुनिश्चित करने, इको टूरिज्म सहित रोजगारमूलक और प्रसंस्करण संबंधी कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# 'स्वच्छता के चार धुरंधर' पहल का महापौर मीनल ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में नगर निगम रायपुर ने एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। महापौर मीनल चौबे ने स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री-सुनील चंद्राकर के साथ स्वच्छता के चार धुरंधर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। यह पहल नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के अनुरूप की गई है, जिसका मकसद नागरिकों के बीच चार डिब्बों में कचरा अलग करने की प्रणाली को प्रोत्साहित करना है।

- कचरा प्रबंधन का नया स्लोगन- 4 डिब्बे अपनाएं, रायपुर को स्वच्छ बनाएं

शहर में अब चार श्रेणियों में कचरे की छंटाई होगी। इसके लिए घर-घर स्तर पर कचरे को अलग करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। महापौर मीनल चौबे ने बताया कि चार डिब्बों में कचरा अलग-अलग रखना है, इनमें गीला कचरा, जिसमें सब्जियों के छिलके और बचे हुए खाद्य पदार्थ, सूखा कचरा, जिसमें प्लास्टिक, कागज और धातु, सेनेटरी कचरा, डायपर, सेनेटरी पेड, विशेष देखभाल कचरा, घरेलू खतरनाक अपशिष्ट, पेंट व केमिकल के डिब्बे अथवा एक्सपायरी दवाएं। महापौर श्रीमती चौबे ने कहा कि स्वच्छ शहर का सपना तभी साकार होगा, जब हर नागरिक कचरे को अलग करने अपनी आदत बनाएगा। स्वच्छता के चार धुरंधर पहल न केवल रायपुर शहर को स्वच्छ बनाएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



### सरोना बीएसयूपी परिसर में पार्षद ने नागरिकों को किया जागरूक

1 अप्रैल से प्रभावशील ठोस नए अपशिष्ट प्रबंधन नियम के अनुरूप नागरिकों के बीच स्वच्छता को लेकर जोन 8 क्षेत्र के सरोना बीएसयूपी परिसर में वार्ड पार्षद अर्जुन यादव ने स्वच्छता दीदियों के साथ मिलकर अभियान चलाया। उन्होंने नागरिकों से कहा कि यदि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन समय पर नहीं आता है तो रायपुर नगर निगम की हेल्पलाइन 1100 में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन उपस्थित रहे। नगर निगम जोन-1 के वार्डों में जोन अध्यक्ष गज्जू साहू ने जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन सहित स्वच्छता मित्रों के साथ मिलकर जन जागरूकता अभियान चलाया।

## पेज 11 के शेष

### भाठागांव-उरला की दो...

आधार पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की विशेष टीम ने भाठागांव के केएलपी मिल्क एंड प्रोडक्ट तथा उरला के एसजे मिल्क एंड डेयरी प्रोडक्ट में दबिश देकर पनीर निर्माण की जांच की। जांच के दौरान वहां तैयार 540 किलो पनीर जब्त कर लिया गया। पनीर के निर्माण के दौरान वहां काफी मात्रा में गंदगी मिली थी। इसके अलावा पनीर बनाने की प्रक्रिया को भी संदिग्ध मानते हुए वहां प्रोडक्शन बंद कराकर लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। वहां उरला के डेयरी प्रोडक्टर में साफ-सफाई के बीच बनाए गए 500 किलो पनीर को जब्त कर उसे नोटिस जारी किया गया है। दोनों संस्थानों से जब्त पनीर को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर बड़े गड्ढे में दबा दिया गया। फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ एनॉलॉग पनीर के नमूने की जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### केवल चालान काट रहे पुलिस ...

शहर के अंदर बगैर हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चलाने वालों की पहचान की जा रही है, लेकिन संगीन अपराध कर फरार होने वालों को पहचानने में कैमरे की आंखें खराब हो जाती हैं। ज्यादातर अपराधी निजी संस्थानों और क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से पकड़े गए हैं। इसका कारण कैमरे का सही ढंग से रखरखाव नहीं होना है। आईटीएमएस के तहत लगाए गए 530 में से 90 कैमरे खराब हो गए हैं। इस संबंध में पुलिस अफसरों से संपर्क करने पर उनका कहना है कि कैमरों का रखरखाव नगर निगम के साथ स्मार्ट सिटी प्रबंधन करता है। निगम कमिश्नर विश्व दीपक से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी की मदद से जो कैमरे तकनीकी खामी की वजह से बंद हो गए थे, उन्हें ठीक कर लिया गया है। आईटीएमएस के तहत लगाए गए कैमरों के रखरखाव तथा मरम्मत का काम पांच साल के लिए एलएंडटी कंपनी को दिया गया था। अवधि पूरी होने के बाद टेंडर दो साल के लिए एक्सटेंशन कर दिया गया है।

### सरकारी मेडिकल कालेजों में ...

शेष में आधी संख्या में डॉक्टर काम कर रहे हैं। चिकित्सा महाविद्यालयों में सबसे ज्यादा डिमांड में रहने वाले जनरल सर्जरी, अस्थि रोग और विभिन्न तरह की जांच करने वाला रेडियो डायग्नोसिस विभाग है। रायपुर, बिलासपुर जैसे मेडिकल कॉलेजों की बात छोड़ दी जाए तो अन्य में डॉक्टर आधी ताकत के साथ यहां काम कर रहे हैं। इन पदों के रिक्त होने की वजह लंबे समय से डीपीसी नहीं होना और सीधी भर्ती का अभाव है। चिकित्सा शिक्षा विभाग इस कमी को पूरा करने के लिए समय-समय पर संविदा भर्ती का आयोजन करता है। वहीं 125 असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती प्रक्रियाधीन है।

### डगनिया में ट्रांसफार्मर में लगी...

सर्विस वायर जल गए। घंटों बिजली गुल होने से लोग पसीने और मच्छरों से परेशान होते रहे। भुक्तभोगियो का कहना है, इस क्षेत्र के ट्रांसफार्मर में हर साल गर्मी में 2 से 3 बार आग लगती ही है। इसका मुख्य कारण ट्रांसफार्मर के चारों तरफ स्ट्रीट पोल पर मकड़ी के जाल की तरह विद्युत तार और केबल सैंकड़ों की संख्या में लटकते रहते हैं। यही स्थिति बाजार चौक डगनिया, तरुण नगर सहित अन्य रहवासी इलाकों में भी बनी हुई है।

### तीन डिग्री की छलांग के साथ ...

41 तक पहुंच गया। इसी तरह माना, बिलासपुर और राजनांदगांव का तापमान भी दो से तीन डिग्री बढ़कर 40 के पार हो गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, आने वाले दिनों में तापमान के साथ गर्मी और बढ़ने की संभावना है। गर्मी के साथ दोपहर में पड़ने वाली धूप त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकती है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर पश्चिम से शुष्क और गर्म हवा आने के कारण प्रदेश में लगातार अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।

**सीधी धूप से दुष्प्रभाव :** गर्मी के दिनों पड़ने वाली सीधी धूप त्वचा के लिए नुकसानदेह हो सकती है। धूप के सीधे संपर्क में आने से त्वचा में जलन अथवा इंफेक्शन जैसी स्थिति बन सकती है। इसी तरह धूप के प्रभाव से डिहाईड्रेशन अथवा लू लगने का जोखिम भी बढ़ जाता है। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी के अनुसार, गर्मी के दौरान घर से बाहर निकलने के पहले सावधानी बरतनी चाहिए। गर्मी में ढीले और ऐसे कपड़ों का उपयोग करना चाहिए, जो आरामदायक हों। साथ ही खानपान का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। किसी भी तरह की शारीरिक समस्या होने पर चिकित्सकों से संपर्क करना चाहिए।

# विप्र कॉलेज में छात्रवृत्ति के लिए दान किए दो लाख

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय की शिक्षा विभाग के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए 2 लाख रुपए की दान राशि प्रदान की है। यह राशि विप्र समाज के सदस्य आलोक शर्मा एवं गायत्री शर्मा ने अपने पिता स्व. सतानंद शर्मा (सेमरा वाले) की स्मृति में रविवार को दी है। इसी दौरान प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि विप्र समाज के सदस्यों द्वारा प्राप्त दानराशि से प्रबंध समिति प्रतिवर्ष शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, विज्ञान, कंप्यूटर एवं वाणिज्य संकाय के मेधावी एवं उत्कृष्ट लगभग 25 से 30 विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति के माध्यम से सहयोग प्रदान करती है। आलोक शर्मा ने बताया कि अपने पिता स्व. सतानंद शर्मा की स्मृति में उत्कृष्ट एवं मेधावी विद्यार्थियों को योग्य शिक्षक बनाने के लिए छात्रवृत्ति के माध्यम से सहयोग करके खुशी महसूस हो रही है। शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि विप्र महाविद्यालय में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए आलोक शर्मा द्वारा प्राप्त यह सहयोग प्रबंध समिति और शिक्षकों को और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ सदस्य सुबीर तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# पुलिस कमिश्नर डॉ. शुक्ला बोले- कमिश्नरेट लागू होने से अपराध और अपराधियों पर लगा अंकुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद पहले पुलिस कमिश्नर नियुक्त किए गए वरिष्ठ आईपीएस अफसर डॉ. संजीव शुक्ला मीडिया से संवाद करने हमर पहुना कार्यक्रम में शामिल होने रविवार को रायपुर प्रेस क्लब पहुंचे। उन्होंने राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली की आवश्यकता के बारे में जानकारी देते हुए अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट और राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद क्या उपाय किए गए, इस पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने जनसहयोग से साइबर क्राइम रोकने क्या उपाय किए जा सकते हैं, इस पर भी चर्चा की।

हमर पहुना कार्यक्रम में पहुंचे पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने कहा, राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने शहर के 41 ऐसे स्थान, जहां सबसे ज्यादा ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती है, उनकी पहचान कर वहां क्यूआरटी लगाने के साथ ट्रैफिक जाम न हो, इसके लिए पुलिस बल लगाया गया है। साथ ही जिन स्थानों पर कमर्शियल वाहनों के प्रवेश से ट्रैफिक जाम होता है, उन स्थानों को एक निश्चित समय के लिए नो एंट्री जोन घोषित कर ट्रैफिक सुधारने की कवायद की जा रही है। साथ ही पुलिस कमिश्नर ने राजधानी में ड्रंक एंड ड्राइव को लेकर लगातार कार्रवाई जारी रखने की बात कही।

### *अपराध पर अंकुश लगाने के हरसंभव प्रयास*

*राजधानी में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होने के पूर्व दो आईपीएस अफसरों के अलावा करीब डेढ़ दर्जन पुलिस अफसरों पर कानून, व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी थी। कमिश्नरेट लागू होने के बाद पुलिस अफसरों की संख्या बढ़कर सात आईपीएस के साथ 36 पुलिस अफसर शहर को तीन जोन में बांटकर कानून व्यवस्था बनाने काम कर रहे हैं। पुलिस कमिश्नर के अनुसार, अब चोरी तथा अन्य अपराधों में डीसीपी स्तर के अधिकारी मौके पर पहुंचकर विवेचना कर रहे हैं, इससे लोगों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है।*

**अपराध-ट्रैफिक नियंत्रण पर चर्चा, मीडिया से संवाद करने पहुंचे पुलिस कमिश्नर**




### सूखा नशा समाज के लिए घातक

पुलिस कमिश्नर ने स्वीकार किया कि बदलते समय में अपराध के तरीका बदला है। पुलिस कमिश्नर ने सूखे नशे को समाज के लिए घातक करार देते हुए मादक पदार्थों की तस्करी के चेनल से लेकर सप्लाई लिंक को पूरी तरह से समाप्त करने लगातार कार्रवाई करने की जानकारी दी। पुलिस कमिश्नर ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद अब तक एनडीपीएस के 92 प्रकरण दर्ज कर ढाई सौ तस्करों की गिरफ्तारी की गई। जिन लोगों के खिलाफ एनडीपीएस की कार्रवाई की गई, उनमें 58 तस्कर दूसरे राज्यों के हैं।

### ट्रैफिक की जानकारी देने गूगल से टाईअप

शहर के व्यस्त इलाकों में नियमित जाम की स्थिति निर्मित होती है। लोगों को ट्रैफिक जाम की जानकारी रियल टाइम में मिल पाए, इसके लिए गूगल से टाईअप कर आईटीएमएस में तीन बड़ी स्क्रीन के माध्यम से ट्रैफिक पर निगरानी की जा रही है। जहां ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है, उन स्थानों पर तत्काल ट्रैफिक पुलिस की टीम भेजे जाने की बात उन्होंने कही।

**खबर संक्षेप**

### युवा नेता राहुल ने सीएम से की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के रायपुर जिला महामंत्री एवं भाजपा युवा मोर्चा के नेता राहुल भारद्वाज ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात की। यह मुलाकात सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री से आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुलाकात के दौरान राहुल भारद्वाज ने सतनामी समाज सहित क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक एवं जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने, शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं, सड़क, पानी और बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने जैसे मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

### सूने मकान में बोला धावा आलमारी से जेवर पार

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान का ताला तोड़ 50 हजार रुपए से ज्यादा कीमत की सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भाठागांव निवासी मनीष देवांगन ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। मनीष ने पुलिस को बताया है कि वह छह अप्रैल को सुबह पत्नी को लेने बिलासपुर गया था। दो दिन बाद आठ अप्रैल को वापस आने पर घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला। अलमारी का सामान बिखरा मिला। चेक करने पर अलमारी के लॉकर में रखे जेवर गायब मिला।

### ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर।** जिले के ग्रामीण इलाके में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना रायपुर–बलौदाबाजार मार्ग पर ग्राम भैंसा के पास हुई, जहां एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने मोटरसाइकिल सवार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद युवक ट्रेलर के नीचे फंस गया और गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, यह घटना खरोरा थाना क्षेत्र की है। बाइक सवार युवक किसी काम से जा रहा था, तभी पीछे से आ रहे ट्रेलर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। युवक ट्रेलर के पहियों के नीचे आ गया और मौके पर ही बुरी तरह कुचल गया। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

## रायपुर-दुर्ग रूट पर चलेंगी 11 समर स्पेशल ट्रेनें, उत्तराखंड से बिहार तक का सफर होगा आसान

# गर्मी की छुट्टियों में रायपुर से 7 राज्यों के लिए 23 समर स्पेशल, 86 फेरों की मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी की छुट्टियों में समर वेकेशन पर जाने की योजना बना रहे यात्रियों को महानगरो के लिए कनेक्टिंग ट्रेन पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा, क्योंकि रायपुर से 7 राज्यों के लिए सीधी ट्रेनों की सुविधा मिलने वाली है। रेलवे प्रशासन ने समर स्पेशल ट्रेनों की घोषणा कर दी है, जिसका सीधा लाभ रायपुर के साथ-साथ दुर्ग और बिलासपुर के यात्रियों को मिलेगा। रेलवे ने उन रूट में स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की है, जहां गर्मी की छुट्टियों के लिए सर्वाधिक यात्री जाना पसंद करते हैं।

खास खबर

बता दें कि यात्रियों को 86 फेरों अर्थात 172 दिनों के लिए समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा मिलेगी। जानकारी के मुताबिक, इन सभी स्पेशल ट्रेनों का संचालन 8 से 25 अप्रैल के बीच अलग-अलग तारीखों पर शुरू किया गया है और इनमें से अधिकांश ट्रेनें जून के अंत तक अपनी सेवाएं देंगी। इन ट्रेनों के परिचालन से छत्तीसगढ़ के यात्रियों को उत्तराखंड, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार और दक्षिण भारत के प्रमुख राज्यों के लिए सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।



### लंबी दूरी की यात्रा में कंफर्म टिकट मिलने की संभावना बढ़ी

यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रूप से दुर्ग-हरिद्वार-दुर्ग (08743/44) स्पेशल ट्रेन 19 अप्रैल से 29 जून तक 11 फेरों के लिए चलाई जा रही है। साथ ही बंगाल की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए इतवारी-शालीमार (08865), नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-मालदा टाउन (08871) और एलटीटी-हावड़ा (01145) जैसी समर स्पेशल ट्रेनों की सुविधा दी गई है। महाराष्ट्र और झारखंड के बीच सफर करने वालों के लिए एलटीटी-संतरागाछी (01001), पुणे-संतरागाछी (01429) और हटिया-एलटीटी (08609) ट्रेनें रायपुर होकर गुजरेंगी। वहीं यूपी-बिहार और दक्षिण भारत जाने वाले यात्रियों की लंबी वेटिंग लिस्ट को कम करने के उद्देश्य से पटना-चर्लपल्ली (03253), गोंदिया-रक्सौल (08867) और तिरुपति-रक्सौल (07051) समर स्पेशल ट्रेनों का भी परिचालन किया जा रहा है। दुर्ग, गोंदिया और इतवारी से शुरू होने वाली इन अधिकांश गाड़ियों का रायपुर रेलवे स्टेशन पर मुख्य रूप से ठहराव होगा, जिससे राजधानी के यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए कंफर्म टिकट मिलने की संभावना काफी बढ़ गई है।

**इस रूट में जाएगी समर स्पेशल**

- 08743/ 08744 दुर्ग हरिद्वार दुर्ग समर स्पेशल 19 अप्रैल से 29 जून 19 अप्रैल से 29 जून तक 11 फेरों के लिए।
- 08865/ 08866 इतवारी शालीमार एक्सप्रेस 2 अप्रैल से 26 जून 2026 तक 13 फेरों के लिए
- 01001 /01002 एलटीटी संतरागाछी एलटीटी समर स्पेशल 21 अप्रैल से 16 जुलाई 2026 तक 13 फेरों के लिए।
- 08609/ 08610 हटिया एलटीटी हटिया समर स्पेशल 20 अप्रैल से 17 जून 2026 तक 9 फेरों के लिए।
- 070510 /7052 तिरुपति रक्सौल तिरुपति समर स्पेशल 13 अप्रैल से 28 मई तक के लिए 7 फेरों के लिए।
- 03253/03254/03255 पटना चर्लपल्ली पटना समर स्पेशल दिनांक 8 अप्रैल से 27 मई 2026 तक 15 फेरों के लिए।
- 08867/08868 गोंदिया रक्सौल गोंदिया 25 अप्रैल से 28 जून 2026 तक 10 फेरों के लिए चलेगी
- 01145/01146 एलटीटी हावड़ा एलटीटी स्पेशल 14 एवं 16 अप्रैल को 1 फेरे के लिए चलेगी।
- 08871 /08872 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मालदा टाउन नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी के मध्य 19 से 27 अप्रैल 2026 तक 03 फेरों के लिए समर स्पेशल की सुविधा।
- 01429/ 01430 पुणे संतरागाछी पुणे समर स्पेशल 15 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 तक 2 फेरों के लिए चलाई जा रही है।
- 01127 /01128 एलटीटी संतरागाछी एलटीटी समर स्पेशल 24 से 3 मई 2026 तक 2 फेरों के लिए चलाई जा रही है।

# इग्नू ने फिर बढ़ाई तिथि 26 तक भर सकेंगे फॉर्म




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जून 2026 टर्म-एंड परीक्षा के लिए आनलाइन परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय के छात्र मूल्यांकन प्रभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अब अभ्यर्थी 26 अप्रैल तक बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। पूर्व निर्धारित तिथि समाप्त होने के बाद छात्रों को राहत देते हुए विश्वविद्यालय ने यह निर्णय लिया है, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी समय पर आवेदन कर सकें। 27 अप्रैल से 30 अप्रैल तक परीक्षा फार्म भरने वाले अभ्यर्थियों को 1100 रुपए विलंब शुल्क देना होगा। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि यह सुविधा ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) तथा आनलाइन प्रोग्राम दोनों के विद्यार्थियों के लिए लागू होगी।विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है, ताकि अंतिम समय में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

- 27 से 30 अप्रैल तक 1100 रुपए विलंब शुल्क के साथ आवेदन

### ऑनलाइन कोर्स के लिए भी बढ़ाई थी तिथि

इससे पहले इग्नू ने जनवरी सत्र के लिए एडमिशन की लास्ट डेट को आगे बढ़ाई थी। छात्रों को 10 अप्रैल तक का समय ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन प्रोग्राम के लिए दिया गया था। इग्नू ने यूजी,पीजी, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट प्रोग्राम के लिए आवेदन मंगाए थे। पर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण इग्नू ने आवेदन तिथि में कई बार वृद्धि की थी। सर्वप्रथम छात्रों को जनवरी अंत तक का समय दिया गया था। तत्पश्ता फरवरी, मार्च और अंततः 10 अप्रैल तक का समय आवेदन के लिए दिया गया। इग्नू ने असाइनमेंट जमा करने की तिथियों में भी वृद्धि की थी।

# किशोर न्याय बोर्ड और बाल कल्याण समितियों में खाली पदों पर भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में किशोर न्याय बोर्ड और बालक कल्याण समितियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू की गई है। विभाग ने इसके तहत रिक्त अध्यक्ष, सदस्य और सामाजिक कार्यकर्ता के पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 13 अप्रैल की शाम 5.30 बजे तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

### इन जिलों में इतने पदों पर भर्ती

बालक कल्याण समिति, बीजापुर, दुर्ग, गरियाबंद, जशपुर, रायगढ़, सुकमा, सरगुजा, 2 अध्यक्ष, 10 सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड, बेमेतरा, कोण्डागांव, सुकमा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, 6 सामाजिक कार्यकर्ता पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया होगी।

**आज आवेदन का आखिरी दिन**

### चयन प्रक्रिया और मानदेय

इन पदों पर चयन किशोर न्याय आदर्श नियम 2016 (संशोधित 2022) के प्रावधानों के तहत गठित चयन समिति द्वारा किया जाएगा। चयन का मुख्य आधार उम्मीदवार की योग्यता, बच्चों के साथ कार्य करने का अनुभव और व्यक्तिगत साक्षात्कार होगा। चयनित सदस्यों को शासन के नियमानुसार प्रति बैठक 2000 रुपए मानदेय प्रदान किया जाएगा।

### आयु सीमा और शैक्षणिक योग्यता

आवेदक की आयु 1 जनवरी 2026 को न्यूनतम 35 वर्ष और अधिकतम 65 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उम्मीदवारों के पास शिक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण गतिविधियों, बाल मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, कानून या मानव विकास के क्षेत्र में डिग्री और बच्चों से संबंधित गतिविधियों में कम से कम 7 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है।

# दृश्यकला प्रदर्शनी गौरा में कलाकारों का दिखा हुनर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप द्वारा आयोजित तीसरी दृश्यकला प्रदर्शनी 'गौरा' का आयोजन 10 अप्रैल से 12 अप्रैल तक महंत घासीदास संग्रहालय में किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 10 अप्रैल को मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत, तकनीकी शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन व विशिष्ट अतिथि बतौर पर डॉ. चित्तरंजन कर, लेखक रायपुर और वेदप्रकाश भारद्वाज, दृश्य कलाकार, कला लेखक, क्यूरेटर और संपादक, नई दिल्ली ने किया था। इस अवसर पर डॉ. ध्रुव तिवारी-क्यूरेटर, छत्तीसगढ़ प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप रायपुर ने कहा कि कला हमेशा से अभिव्यक्ति, प्रतिबिंब और परिवर्तन का एक शक्तिशाली माध्यम रही है। गौरा के माध्यम से हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ में मौजूद कलात्मक प्रतिभा के समृद्ध ताने-बाने को प्रदर्शित करना है, जो हमारे कलाकारों को अपनी कहानियों, सपनों और दृष्टिकोणों को दुनिया के साथ साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। यह प्रदर्शनी केवल कलाकृतियों का प्रदर्शन नहीं है। यह एक संवाद है, कलाकार और दर्शक के बीच एक वार्तालाप है, जो आपको व्यक्तिगत स्तर पर कलाकृतियों का पता लगाने, व्याख्या करने और उनसे जुड़ने के लिए आमंत्रित करता है।

# नियमितीकरण के लिए हस्ताक्षर अभियान 20 दिन बाद मुख्यमंत्री को सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य में कार्यरत अनियमित कर्मचारी, जिसमें संविदा, प्लेसमेंट, ठेका, दैनिक वेतनभोगी, कलेक्टर दर आदि के लाखों कर्मचारी अपनी नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश संरक्षक गोपाल प्रसाद साहू ने बताया कि दोनों सरकारों ने विपक्ष में रहते हुए नियमितिकरण का वादा किया। 2023 के विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के तहत नियमितीकरण का वादा किया गया। अनियमित कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को सौंपे जाने वाले ज्ञापन के लिए 10 से 30 अप्रैल तक हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ किया है।

अनियमित कर्मचारी हस्ताक्षर कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मांग की है कि तत्काल वादाखिलाफी बंद कर किए गए वादे व पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी को प्रदेश में लागू कर 35 प्रतिशत रिक्त शासकीय कार्यालय के पदों पर अनियमित कर्मचारियों को नियमित कर उनके अनुभव का लाभ लिया जाए। मामले में हाईकोर्ट की साफ टिप्पणी के बाद नई उम्मीद जागी है। हाईकोर्ट ने कहा है कि सरकार संवैधानिक नियोक्ता है और गरीब कर्मचारियों के दम पर अपना बजट संतुलित नहीं कर सकती। जो लोग बुनियादी और महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाओं को संभाल रहे हैं, उनके हित में सहानुभूतिपूर्वक विचार कर चार महीने के भीतर निर्णय लेने के कठोर निर्देश जारी किए गए हैं।

**अनियमित कर्मचारियों ने कहा- 100 दिन का वादा, सवा दो साल बीत गए**

### कई साल सेवा देने के बाद सड़क पर कर्मचारी

उन्होंने कहा, भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के नियमित कर्मचारियों के साथ वादाखिलाफी पर उतर आई है। 47000 स्कूल सफाई कर्मचारी, 13,000 रसोइए, डीएड-बीएड अभ्यर्थी सड़क पर हैं, बिजली विभाग के 12 हजार से अधिक कर्मचारी कई वर्षों से सेवा दे रहे हैं, लेकिन वादा करके भी उन्हें नियमित नहीं किया जा रहा है।

### नियमितीकरण का वादा कब पूरा करेगी सरकार : बैज



दैनिक वेतनभोगी और अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, विधानसभा चुनाव में अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने का वादा भाजपा ने किया था। अब वह अपना वादा भूल गई है। भाजपा सरकार की वादाखिलाफी उच्च न्यायालय में एक बार फिर उजागर हुई है। 100 दिन के भीतर नियमितीकरण का वादा था, सवा दो साल बीत जाने के बावजूद भी छत्तीसगढ़ के दैनिक वेतनभोगी और अनियमित कर्मचारी ठगे जा रहे हैं।

# गुंडे-बदमाशों के खिलाफ सेंट्रल और वेस्ट जोन में ताबड़तोड़ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपराधियों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से रविवार को रायपुर सेंट्रल तथा वेस्ट जोन के सभी थाना क्षेत्र में गुंडे-बदमाशों की परेड कराई गई। बदमाशों को अपराध से दूर रहने की चेतावनी दी गई। पुलिस कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद रायपुर सेंट्रल के कई बदमाश घर छोड़कर फरार हो गए। घर छोड़कर भागे बदमाशों की पतासाजी कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने निर्देश दिए गए। सेंट्रल जोन में 132 तथा वेस्ट जोन में 85 बदमाशों की परेड ली गई। जिन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की गई, उनमें सेंट्रल जोन में 28% बदमाश थाने में उपस्थित होकर सत्यापन और परेड में शामिल हुए। इसके साथ ही 20% बदमाश अपने निवास पर नहीं मिले एवं फरार पाए गए, जिनकी तलाश अभियान स्तर पर पुलिस ने जारी रखने की बात कही है इनके खिलाफ अलग से सख्त कार्रवाई करने निर्देश दिए गए हैं। जोन के घोषित 24 प्रतिशत बदमाश जेल में हैं। शेष 132 बदमाश थाने पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराए।



### ड्रोन कैमरे से निगरानी

वेस्ट जोन के सभी थाना क्षेत्र में अपराधियों को तड़के छह बजे थाने पहुंचने के निर्देश दिए गए। घनी आबादी वाले वाल्मीकि नगर की बीएसयूपी कालोनी सहित अन्य बस्तियों में संदिग्धों की पहचान करने के साथ क्षेत्र में अवैध गतिविधियों की जानकारी जुटाने ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। साथ ही बदमाशों की केस हिस्ट्री जांच करने के बाद उन्हें आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने पुलिस अफसरों ने चेतावनी दी।

# सीडीएस तीन और एनडीए की परीक्षा दो पालियों में हुई, 400 से ज्यादा रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सीडीएस (I) एवं एनडीए/एनए (I) परीक्षा-2026 आज जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिले में सीडीएस परीक्षा 3 पालियों में तथा एनडीए परीक्षा 2 पालियों में आयोजित की गई। परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी परीक्षा केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।




प्रथम पाली में सीडीएस परीक्षा सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक 3 परीक्षा केंद्रों में आयोजित हुई, जिसमें कुल 950 परीक्षार्थियों में से 542 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं एनडीए की प्रथम पाली सुबह 10:00 बजे से 12:30 बजे तक 5 परीक्षा केंद्रों में आयोजित हुई, जिसमें 1816 में से 1335 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। द्वितीय पाली में सीडीएस परीक्षा दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक 3 केंद्रों में आयोजित हुई, जिसमें 950 में से 544 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। एनडीए की द्वितीय पाली दोपहर 2:00 बजे से 4:30 बजे तक 5 केंद्रों में संपन्न हुई, जिसमें 1816 में से 1333 परीक्षार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई।

**सुबह से शाम तक चली परीक्षा, जिले के अलग अलग केंद्रों में हुआ एग्जाम**

### *तृतीय पाली में शामिल हुए 216*

*तृतीय पाली में सीडीएस परीक्षा शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक 2 परीक्षा केंद्रों में आयोजित हुई, जिसमें 449 में से 216 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा समाप्ति के उपरांत उपयोग में न लाई गई गोपनीय परीक्षा सामग्री को सुरक्षित रूप से कलेक्ट्रेट रायपुर में जमा कराया गया। जिला प्रशासन ने बताया कि संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया नियमों के अनुरूप शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।*



हरिभूमि
रायपुर, सोमवार 13 अप्रैल 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

गुड्डे और गुड़िया खरीदने पहुंच रहे ....

लाइव इवेंट

## बारहमासी नृत्य में पिरोई योग की मुद्रा सूक्ष्म क्रियाओं का किया कठिन आसन



**रायपुर।** सालासार धाम में भारतीय योग संस्थान व छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय योग प्रशिक्षण शिविर और संस्थान का स्थापना दिवस संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अखिल भारतीय प्रधान देसराज जी एवं महामंत्री ललित जी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह की पावन वेला में दीप प्रज्वलन, गायत्री मंत्र और शंखनाद के साथ हुआ, जिसके बाद छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से आए साधकों ने सामूहिक योग साधना में भाग लिया। इस दौरान संस्थान के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विशेष सत्र आयोजित किए गए, जिसमें योग के महत्व और संस्थान की यात्रा पर प्रकाश डाला गया। शिविर के दौरान तकनीकी सत्रों में योग की सूक्ष्म क्रियाओं से लेकर कठिन आसनों का प्रदर्शन किया गया। देसराज जी और ललित जी ने साधकों को ध्यान, प्राणायाम के द्वारा बताया कि प्राण हमारे अंतर्मन की शक्ति है। यही रहस्यों और योगासनों के वैज्ञानिक लाभों के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

### छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की बिखेरी छटा

साधकों ने सूर्य नमस्कार, वकासन, कोणासन और उष्ट्रासन जैसे आसनों का अभ्यास किया। इसके साथ ही शिविर में केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी जोर दिया गया, जहां 'चित्त के बाधक एवं साधक तत्व' जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा हुई। आयोजन के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की अनुपम छटा देखने को मिली, जहां 'बारहमासी' सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय परंपराओं को योग के साथ जोड़ा गया। समारोह के अंतिम चरण में मुख्य अतिथियों ने अपना आशीर्वाद वचन दिया और साधकों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए। पूरे आयोजन के दौरान मंच संचालन की जिम्मेदारी सुदेशना, रिया, वंदना आहूजा और नीलम नवलानी ने बखूबी निभाई।

साइंस कॉलेज परिसर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में दिनभर उत्सव, शामिल हुए समाज के लोग

# गीत-संगीत से सजी नृत्यों की श्रृंखला, बौद्ध महिला सम्मेलन में पेश की महात्मा बुद्ध के जीवन दर्शन की झलक

गीत और संगीत से प्रतिभागियों द्वारा सजाई गई नृत्यों की श्रृंखला ने लोगों को जहां उत्सव का माहौल दिया। वहीं, बौद्ध महिला सम्मेलन में कलाकारों ने बुद्ध और डॉ. अंबेडकर से जुड़े जीवन संघर्ष को नृत्य नाटिका के माध्यम से मनमोहक तरीके से पेश करते हुए साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में धूम मचाई।

**रायपुर।** बाल कलाकारों ने बुद्ध और अंबेडकर के जीवन से जुड़ी यादों को नृत्य नाटिका के माध्यम से दर्शकों के सामने पेश किया। भावपूर्ण प्रस्तुति से भव्य समारोह को खास बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस अवसर को समाज के लोगों की गरिमामय मौजूदगी ने खास बनाया। डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर बौद्ध महिला सम्मेलन का हिस्सा बनने के लिए राजधानी के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में महिलाएं, सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। इसका उद्देश्य समाज में शिक्षा, समानता और सम्मान के संवैधानिक अधिकारों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना था। महिलाओं की प्रगति को समाज की उन्नति का आधार बताने के लिए समाज द्वारा यह पहल की गई।

### शिक्षा, समानता एवं सामाजिक न्याय पर चर्चा

सम्मेलन का शुभारंभ दोपहर 12 बजे सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ किया गया। इसमें बुद्ध, डॉ. भीमराव अंबेडकर और रमाई (माता रमाबाई) के त्याग, संघर्ष और जीवन के विविध पहलुओं पर आधारित नृत्य, गायन एवं नाटक पेश किए गए। सभी कलाकारों ने प्रभावशाली प्रस्तुति से दर्शक दीर्घा में मौजूद रहे समाज के लोगों से वाहवाही लूटी। इस क्रम में परिचर्चा का क्रम दोपहर दो बजे से शुरू किया गया। इसमें वक्ताओं ने शिक्षा, समानता एवं सामाजिक न्याय जैसे विषयों पर भी विचार व्यक्त किए। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में स्नेहा गड़पायले (फाउंडर नेशनल चौपाल, एवं पार्षद, नगर परिषद गोंदिया) शामिल रहीं।





### बदलाव की उम्मीद दूसरों से नहीं, खुद से करें

डॉ. यादव ने एक शिक्षाविद, मीडिया कर्मी एवं हाशिए पर रहने वाले समाज की आवाज को सामने लाने वाले सशक्त विचारक के रूप में कहा कि बदलाव दूसरों से नहीं, बल्कि खुद से करें। उन्होंने अपने विचार प्रभावी ढंग से पेश किए। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित विनोद कोसले की पुस्तक न्याय का इंतजार का विमोचन किया गया। पुस्तक न्यायालयों की कार्यप्रणाली, प्रक्रियाओं एवं निर्णयों का तथ्यात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए न्याय के समाधान की दिशा सुझाती है। सम्मेलन की अध्यक्षता महापौर मीनल चौबे ने की। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज को सही दिशा देने वाले हैं। उनके सिद्धांतों को अपनाकर ही समता मूलक एवं न्याय पूर्ण समाज का निर्माण हुआ है।



### समाज में जागरूकता फैलाने का करें प्रयास

स्नेहा गड़पायले ने कहा कि वर्तमान समय में हमारे वैधानिक अधिकारों की स्थिति के साथ उन्हें पूर्ण रूप से अपनाने पर जोर देना होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को अधिकारों का बोध करवाने के लिए छोटे-छोटे आयोजन के माध्यम से जुड़ने का प्रयास करना होगा। वहीं, मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. लक्ष्मण यादव उपस्थित रहे। उन्होंने सामाजिक न्याय की पाठशाला एवं अपने डिजिटल माध्यमों के जरिए समाज में जागरूकता फैलाने के प्रयासों पर चर्चा की। वे चर्चित पुस्तक प्रोफेसर की डायरी एवं हाल ही में चर्चित पुस्तक जाति जनगणना के लेखक हैं। उनके प्रभावी संवाद और विचारों ने सभी लोगों को प्रभावित किया।



सिटी इवेंट

## अभिनय में भाव और शारीरिक भाषा का तालमेल ही छोड़ता है दर्शकों पर अमिट छाप



**रायपुर।** आनंद समाज वाचनालय में संस्कार भारती छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित 7 दिवसीय युवा रंग साधक नाट्य कार्यशाला युवाओं के लिए कला और अभिव्यक्ति के नए आयाम गढ़ रही है। 8 से 14 अप्रैल तक चलने वाली इस कार्यशाला के पांचवें दिन रविवार को प्रतिभागियों ने अभिनय में भाव, भंगिमा और टाइमिंग की बारीकियां सीखीं और इनमें अपूर्व उत्साह देखा गया। कार्यशाला के पांचवें दिन के सत्र में ताल-सखी संस्था की प्रख्यात कत्थक नृत्यांगना पूनम त्रिपाठी ने युवा रंगकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया। उन्होंने अभिनय के छात्रों को भाव, भंगिमा, ताल, रिदम, एक्सप्रेशन (भाव अभिव्यक्ति), बॉडी मूवमेंट (शारीरिक गतिशीलता) तथा अभिनय में टाइमिंग के महत्व को बहुत ही गहराई से समझाया। अपने अनुभवों को साझा करते हुए पूनम त्रिपाठी ने बताया कि एक्सप्रेशन और बॉडी लैंग्वेज एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंच पर केवल चेहरे के भाव पर्याप्त नहीं होते, बल्कि पूरे शरीर की गतिशीलता, हाथों की मुद्राएं, आंखों की भाषा और शरीर की दिशा मिलकर ही एक सशक्त प्रस्तुति का निर्माण करते हैं।


### ताल और रिदम से प्रभावी होता है अभिनय


कत्थक और अभिनय के सटीक उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने युवाओं को बताया कि किस प्रकार सही ताल और रिदम के साथ किया गया बॉडी मूवमेंट, कलाकार के एक्सप्रेशन को



और अधिक प्रभावी बना देता है। जब शरीर और भाव एक साथ सटीक तालमेल में होते हैं, तभी कोई प्रस्तुति दर्शकों के मन पर गहरा और स्थायी प्रभाव छोड़ती है। सत्र के अंत में पूनम त्रिपाठी ने प्रतिभागियों को निरंतर अभ्यास, आत्मविश्वास और अनुशासन के महत्व पर बल दिया। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे कला को केवल सीखने तक सीमित न रखें, बल्कि उसे अपने व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा बनाएं। उनके इन प्रेरणादायक शब्दों और व्यावहारिक प्रशिक्षण ने इस सत्र को अत्यंत सार्थक बना दिया। कार्यशाला के इस पांचवें दिन ने युवा प्रतिभागियों के भीतर नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया है, जो उनके भविष्य के रंगमंचीय सफर में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

## नौका विहार के साथ रात में सुकून के पल ....





*रायपुर। गर्मी के मौसम में खारून नदी महादेवघाट संडे को बच्चे, फैमिली और फ्रेंड्स के लिए स्पेशल बन रहा है। सप्ताह भर स्कूल, ऑफिस और काम-काज से दूर अपनों के साथ रविवार को सुकून के पल एंजॉय करने लोग शाम ढलते ही महादेवघाट पर पहुंच रहे हैं। जहां वे नौका विहार, लक्ष्मण झूला, गार्डन, मंदिर दर्शन और बाजार-हाट में मनपंसद खाने-पीने की चीजों का लुफ्त उठा रहे हैं। रविवार को बड़ी संख्या में फैमिली, बच्चों व कपल्स घाट पर नदी की जलधारा की ठंडी फीजा में गर्मी से राहत महसूस करते दिखें।*

## जरूरतमंदों की मदद करने सीता प्रदर्शनी आज से

**रायपुर।** कचना स्थित सिटी ऑफ ड्रीम्स सोसाइटी के क्लब हाउस में 13 अप्रैल को एक दिवसीय सीता प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। ममता टावरी एवं शिनी श्री कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की मीडिया प्रभारी कविता राठी द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर राजधानीवासियों के लिए रोमांचक गेम भी आयोजित किए गए हैं। वहीं, बड़ी वैरायटी में शादी समारोह के लिए डिजाइनर और आकर्षक गहने भी उपलब्ध रहेंगे। आयोजकों ने बताया कि एक ही छत के नीचे ज्वेलरी, साड़ी, गिफ्ट एटम्स, कॉस्मेटिक, कान्हा पोशाक सहित विभिन्न प्रकार के सजावट के सामान कम दामों पर उपलब्ध रहेंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। साथ ही, ग्राहकों को उच्च स्तरीय खूबसूरत सामानों को कम दरो में उपलब्ध करवाना है। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रातः 11 बजे किया जाएगा। आयोजन से एकत्रित हुई धन राशि को चैरिटी के माध्यम से जरूरतमंदों तक सेवा कार्य कर पहुंचाया जाएगा। यह आयोजन समाजसेवा एवं सहयोग की भावना से आयोजित है।

मॉक संसद के माध्यम से महिला प्रतिभागियों ने विधायी प्रक्रियाओं की बारीकियों को समझा

कॉर्नर न्यूज

# महिला आरक्षण विधेयक पर छग की 40 युवा महिला प्रतिभागियों ने निभाई सांसदों और मंत्रियों की भूमिका



**रायपुर।** माई भारत, छत्तीसगढ़, युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से रायपुर स्थित राजीव गांधी राष्ट्रीय भूजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में 'नारी शक्ति युवा संसद' का सफल आयोजन किया गया। नारी शक्तिः विकसित भारत की आवाज़ - समावेशी लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाना विषय पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा महिलाओं को राष्ट्रीय स्तर की विधायी प्रक्रियाओं और नीतिगत चर्चाओं से जोड़ना और उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करना था। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने निर्माण और शासन-प्रशासन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सशक्त और समावेशी लोकतंत्र तभी संभव है, जब युवा महिलाएं नीति-निर्माण की प्रक्रियाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।



### सांसदों और मंत्रियों की भूमिका निभाई

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'महिला आरक्षण विधेयक' पर केंद्रित एक 'मॉक संसद' सत्र था। इसमें राज्य भर से आईं 40 युवा महिला प्रतिभागियों ने सांसदों और मंत्रियों की भूमिका निभाई। प्रतिभागियों ने महिला एवं बाल विकास, कृषि और



वित्त जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों का प्रतिनिधित्व करते हुए लैंगिक समानता और समावेशी विकास पर तथ्यपरक तर्क प्रस्तुत किए। इस सत्र ने युवाओं के बीच विधायी ढांचे और समकालीन सामाजिक-राजनीतिक विषयों की उनकी गहरी समझ को प्रदर्शित किया। नारी शक्ति युवा संसद' इस प्रतिबद्धता को दोहराती है कि 'विकसित भारत' के लक्ष्य की प्राप्ति में महिलाओं की समान भागीदारी और युवाओं की आवाज़ सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं।

सिटी लाइव

## उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाली 101 महिलाओं का हुआ सम्मान



**रायपुर।** सक्षम महिला आयाम छत्तीसगढ़ प्रांत का वार्षिक कार्यक्रम महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाली 101 महिलाओं का सम्मान कोपलवाणी दिव्यांग छात्रों द्वारा बनाई गई बस्तर की चित्रकला प्रदान कर किया गया। सक्षम प्रांत संगठन मंत्री श्री रामजी राजवाड़े का पंच परिवर्तन के विषय पर विशेष उद्बोधन रहा। डॉ. नम्रता सिरमौर द्वारा सक्षम महिला आयाम का विषय 'जागरूक परिवार- स्वस्थ शिशु' पर गहन व्याख्यान दिया गया। कौशल्या साय ने सक्षम को दिव्यांगों के प्रति समाज की अपनी जिम्मेदारियों की याद दिलाई। उन्होंने महिला सशक्तीकरण को दिव्यांगों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बिंदु बताया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि में शताब्दी पांडेय, सक्षम के संगठन मंत्री श्रीराम राजवाड़े, प्रांताध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र शुक्ला, आनंद सिंघानिया, कोषाध्यक्ष जैनेन्द्र जैन, सचिव अनूप पांडे, सहसचिव अंजली चावड़ा, प्रचार- प्रसार प्रमुख इंदिरा जैन, महिला आयाम प्रमुख पदमा शर्मा, युवा आयाम प्रमुख शरद चन्द्रा व रायपुर से जिलाध्यक्ष डॉ. नम्रता सिरमौर सहित सतीश राजवाड़े, डॉ. विनय टंडन, संगीता कश्यप, सुभाष जंघेल उपस्थित रहे।

धर्म लाइव

## वैशाखी पर गुरुद्वारों में सजेंगे दीवान जालंधर से आज आएगा रागी जत्था

**रायपुर।** इस साल भी वैशाखी पर्व को भक्तिमय माहौल में बनाया जाएगा। पंजाब और उत्तर भारत में रबी की फसल पकने की खुशी में मनाए जाने वाले इस उत्सव को इस बार 14 अप्रैल को मनाया जाएगा। सिख धर्म के गुरु गोबिंद सिंह ने 1699 में 'खालसा पंथ' की स्थापना के चलते धार्मिक एकता के प्रतीक स्वरूप मनाया जाता है। इस समय तक रबी की फसल पककर तैयार हो जाती है। किसान नई फसल कटने की खुशी में ईश्वर को आभार व्यक्त करते हुए फसल उत्सव के रूप में मनाते हैं। स्टेशन रोड गुरुद्वारा में होने वाले आयोजन के संदर्भ में तेजिन्दर सिंह ने बताया कि गुरुद्वारे में सुबह-सुबह अरदास और कीर्तन होगा। गुरुग्रंथ साहिब का स्नान (अभिषेक) के साथ लोग माथा टेकने के लिए पहुंचेंगे। इस अवसर पर कीर्तन की भावपूर्ण प्रस्तुति रागी जत्थे द्वारा दी जाएगी। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए गुरुद्वारे में लंगर की व्यस्था भी की जाएगी।

### श्याम नगर में आज रात कीर्तन दरबार

श्याम नगर गुरुद्वारे में होने वाले आयोजन को लेकर इंद्रजीत सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम 7.30 से 10 बजे तक कीर्तन दरबार सजाने के लिए इस बार जालंधर से रागी जत्था आ रहा है। भाई अवतार सिंह के साथ रागी जत्था श्रद्धालुओं को गुरु गोबिंद सिंह की महिमा से सजी वाणी से संगत को निहाल करेंगे। मंगलवार को सुबह 10 से दोपहर 2.30 बजे तक कीर्तन के साथ ही इस बार प्रो. अमिरन्दर सिंह भी सिख समाज के बीच मौजूद रहेंगे। वहीं, श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था संभालने के लिए जिम्मेदारी तय की गई है। इस अवसर पर हेल्थ कैंप के साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इवेंट लाइव

## आसमान को छूने के लिए हाथ उठाना होगा काव्य पंक्तियों ने श्रोताओं को किया प्रेरित



**रायपुर।** आसमान को छूने के लिए हाथ उठाना होगा, इच्छाओं को पूरा करने हद से बाहर जाना होगा...कविता की इन पंक्तियों से वृंदावन हॉल गूंज उठा। कविताओं के हास्य, करुणा और प्रेम के रस में काव्य प्रेमी गोते लगाए। अवसर था रविवार को सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठी का। इसमें शहर के जानेमाने कवियों ने शिरकत कर अपनी कविताओं से काव्य प्रेमियों के दिल को छू लिया। आचार्य अमरनाथ त्यागी की अध्यक्षता एवं गोपाल सोलंकी के संयोजन में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। शोभा मोहन श्रीवास्तव ने सरस्वती वंदना एवं सुषमा पटेल ने संचालन किया।

### इन कवियों ने बांधा समां

कवि गोपाल सोलंकी ने कविता 'शांति वार्ता में बने बिचौलिए शहबाज मुनीर, अमरीका के पल्टू रुख से सतर्क इरानी वीर और कवि मन्नू लाल यदु ने 'मनखे उपर मनखे ह झपावत हे, अपनेच अपन में गुंगवावत है' पढ़कर काव्य गोष्ठी को यादगार बनाया। इस अवसर पर डॉ. महेंद्र ठाकुर, भूपेंद्र शर्मा, संत ओंकार दास, जांजगीर-चांपा, राजेन्द्र रायपुरी, छबिलाल सोनी, कुमार जगदली, मयूराक्षी मिश्रा, युक्ता राजश्री, मन्नूलाल यद्ु, मोहन श्रीवास्तव, एनपी श्रीवास्तव आदि ने भी अपनी कविताओं से गोष्ठी को गुलजार किया। सुनील पांडे (प्रमुख सचिव छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल) उपस्थित रहे।

मिट्टी के कारीगरों ने सजाई दुकानें, बाजार में भी परंपरा निभाने खरीदी तेज

# गुड्डे-गुड़िया खरीदने पहुंच रहे लोग, सितारों से बने मुकुट ने बढ़ाई रौनक, बच्चे निभाएंगे परंपरा

'परीक्षा खत्म होते ही बच्चों ने गुड्डे और गुड़िया की शादी के लिए तैयारी शुरू की हैं। इसे देखते हुए कुम्हारों ने भी मिट्टी से निर्मित बारातियों का सेट तैयार किया है। राम- सीता, राधा -कृष्ण सहित डॉक्टर, वकील, किसान के रूप में गुड्डे और गुड़िया को आकर्षक स्वरूप दिया है। इसे देखकर बच्चे ही नहीं, बल्कि बड़ों का लगाव भी खरीदने में बढ़ रहा है। इसे देखते हुए दुकानदारों और कारीगरों ने भी सेट और पैकिंग में जरूरी सामग्री उपलब्ध करवाना शुरू किया है। इसे लोगों से भी अच्छा रिस्पांस मिल रहा और बाजार में रौनक भी बढ़ने लगी है।'





**रायपुर।** अक्षय तृतीया इस बार 20 अप्रैल को मनाई जाएगी, लेकिन स्कूलों से राहत मिलने से बच्चे अब गुड्डे - गुड़िया की शादी करने और मंडप सजाने की तैयारी में जुट गए हैं। इससे गोलबाजार में वैवाहिक साजो- सामान बेचने वालों के पास गुड्डे- गुड़िया की शादी के लिए सामान खरीदने परिवार के लोगों के साथ बच्चे भी पहुंचने लगे हैं। इनके लिए 100 से 150 रुपए की रेंज में मंडप में उपयोगी सामग्री का भी पैकेट दुकानदार सजाने लगे हैं। वहीं, दूसरी तरफ अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त के रूप में स्वीकार किया जाता है। इस दिन जिन्हें शादी के लिए मुहूर्त नहीं मिलता, वैसे लोग विशेष मुहूर्त में शादी का आयोजन करते हैं। इसके चलते मार्केट में रौनक बढ़ने लगी है। रस्मों-रिवाज से होने वाली शादियों में रेडिमेड बांस का सूपा, पर्रा, टोकनी, तोरण, कटार, रंग-बिरंगी पंखी, सितारों से बने दूल्हा और दुल्हन के लिए मोर-मुकुट भी पैकिंग का हिस्सा है।सुरेश चक्रधारी, समीर खान और अरविंद जैन ने बताया कि अक्षय तृतीया, परशुराम जयंती के चलते बाजार में रौनक बढ़ी है।



### बड़ों की तरह ही बच्चे भी निभाते हैं दायित्व

पंडित मनोज शुक्ला ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन छोटे बच्चे भी बड़ों की तरह ही गुड्डे-गुड़िया की शादी करते हैं। इसमें आस-पास रहने वाले लोगों को शामिल होने के लिए आमंत्रित भी करते हैं। बारातियों का स्वागत करने के लिए पूड़ी, सब्जी, खीर के साथ नास्ता भी परोसते हैं। इसमें वे बड़ों की तरह ही अक्षय तृतीया से सप्ताहभर पहले से ही तैयारी में जुट जाते हैं। इसके लिए वे आपस में पैसे जमा करके जरूरी सामान जुटाते हैं। बच्चों की खुशी में परिवार के लोग शामिल होते हैं, ताकि उनका आयोजन सफल हो सके।

### गुड्डे -गुड़िया के साथ ही खरीद रहे सामान

इस परंपरा को निभाने का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, बच्चों का समूह कॉलोनियों और बस्तियों में गुड्डे-गुड़िया का विवाह रचाने के लिए तैयारी तेज की हैं। परिवार के लोगों को साथ लेकर बाजार से गुड्डे-गुड़िया के साथ बारातियों का सेट भी लोग खरीद रहे हैं। इसके लिए लोगों को 500 रुपए देना पड़ रहा है। बाजार में सेठ, राधा-कृष्ण, किसान, वकील के गेटअप वाले गुड्डे और गुड़िया को मिट्टी से तराशने के बाद आकर्षक लुक दिया है। 100 से 300 रुपए जोड़ी मिलने से लोग बच्चों की खुशी के लिए खरीदने में रुचि ले रहे हैं।

## भगवान सदैव धर्म के साथ जीवन सुख-दुख का खेल

**रायपुर।** वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर कथा परिसर में जारी कथा के समापन सत्र में पं. हिमांशु कृष्ण भारद्वाज महाराज ने कहा कि भगवान सदैव धर्म के साथ रहते हैं। उनका अवतरण ही धर्म की स्थापना के लिए होता है। सुख-दुख मानव जीवन का अंग है, उसे मनुष्य को स्वयं भोगना पड़ता है। पाप से मुक्ति मिल सकती है पर अपराध से नहीं, उसका दण्ड हर हाल में भोगना पड़ता है। महाराजश्री ने कहा कि कौरव और पांडव से भगवान के संबंध समान रूप से रहे। लेकिन, कौरवों को भगवान की लीला और वचन समझ में नहीं आई। वहीं, पांडव कष्ट सहे, पर भगवान के प्रति वे समर्पित रहे। इसलिए, उनके जीवन में दुख की अनुभूति दुख के रूप में नहीं हुई। उन्होंने कहा कि भगवान ने गोलोक जाने से पूर्व अपनी बुआ कुंती से वरदान मांगने के लिए कहा। माता कुंती ने कहा, दुख में मनुष्य सदैव ईश्वर को याद करता है और सुख में भूल जाता है, इसलिए हे केशव मुझे वही वरदान दें, जिसमें आपकी याद बनी रहे। पं. हिमांशु कृष्ण महाराज ने इस प्रसंग की आध्यात्मिक विवेचना की और कहा कि सद्कर्म से जीवन में परिवर्तन आता है, इसलिए आदमी को सदैव उत्तम कार्य करना चाहिए।



### सुखमय परिवार के लिए जिम्मदारी को बांटें

पं. हिमांशु कृष्णा भारद्वाज ने कहा भगवान की देवी रुक्मिणी से जब विवाह हुआ तो माता देवकी ने घर-परिवार की जवाबदारी देवी रुक्मिणी को सौंपते हुए जगत को संदेश दिया। रविवार की कथा का श्रवण शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर महाराज और पूर्व मंत्री ननकी राम कंवर ने लिया। समापन सत्र की कथा में राजेन्द्रजी के अलावा सुनील अग्रवाल, कैलाश मोरारका, पुरुषोत्तम सिंघानिया, गोविंद अग्रवाल, संजय अग्रवाल एंटी वाले, कैलाश अग्रवाल, संजय अग्रवाल परिवार सहित शामिल हुए। इसी तरह राम अवतार भोग परिवार, रवीन्द्रजी, भारवी वैष्णव, पार्षद अनामिकाजी, ललित सिंघानिया, सुरजीत छाबड़ा, विनोद अग्रवाल, शैलेष अग्रवाल, वीरेंद्र गोयल, पवन अग्रवाल (पाइप इस्पात), हर्षित सिंघानिया, हनुमंतजी, बृजलाल गोयल, गोविंद अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, नरेश केडिया, श्रीमती नवल अग्रवाल, माया मोरारका का विशेष योगदान रहा। कथा समिति के अध्यक्ष सुनील रामदास ने सहयोगी टीम का आभार जताया। संचालन पुष्पेंद्र उपाध्याय ने किया।

पं. हिमांशु कृष्ण महाराज ने भागवत कथा के समापन सत्र में भगवान की विवाह कथा सुनाई

## एमयूएन 5.0 से युवाओं में कूटनीति शोध व नेतृत्व क्षमता को मिला बढ़ावा

ट्रिपल आईटी में मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन का हुआ आयोजन



**रायपुर।** ट्रिपल आईटी में मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन के पांचवें संस्करण एमयूएन 5.0 का आयोजन किया गया। यह दो दिवसीय सम्मेलन 11 से 12 अप्रैल तक आयोजित रहा। रविवार को सम्मेलन का सफल समापन हुआ। इसमें विभिन्न संस्थानों से 450 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह सम्मेलन युवा प्रतिनिधियों के लिए एक सशक्त मंच साबित हुआ, जहां उन्होंने वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। साथ ही कूटनीतिक प्रक्रियाओं का अनुकरण किया। वहीं, अपने सार्वजनिक भाषण, वार्ता कौशल और आलोचनात्मक चिंतन क्षमता को विकसित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटन समारोह के साथ हुआ, जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में यूनिसेफ छत्तीसगढ़ की डब्ल्यूएएसएच एवं जलवायु विशेषज्ञ स्वेता पटनायक उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में उन्होंने वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए संवाद, सहयोग और आलोचनात्मक चिंतन के महत्व पर प्रकाश डाला। संकाय समन्वयक डॉ. मनोज कुमार मजूमदार ने अपने उद्घाटन वक्तव्य में एमयूएन 5.0 की परिकल्पना को साझा करते हुए प्रतिभागियों को सार्थक एवं रचनात्मक बहस में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### शोध और नेतृत्व में उत्कृष्टता को किया सम्मानित

सम्मेलन का समापन एक भव्य समापन समारोह के साथ हुआ, जिसमें ट्रिपल आईटी के निदेशक डॉ. ओम प्रकाश व्यास ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रतिभागियों एवं आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। विभिन्न समितियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिनिधियों को कूटनीति, शोध और नेतृत्व में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। यह समारोह दो दिनों तक चले प्रभावशाली विमर्श, सजीव संवाद और सार्थक आदान-प्रदान का सफल समापन रहा।

### आयोजन में इनका रहा योगदान

एमयूएन 5.0 की सफलता के पीछे मुख्य आयोजन टीम के समर्पित प्रयास रहे। टीम में महासचिव दिव्यांश रंगारी, महानिदेशक विनम्र अग्रवाल, हेड ऑफ पीपल ऑपरेशंस दर्शना शर्मा, चार्जे डी'अफेयर्स जस्टिन संतोष, हेड ऑफ क्रिएटिव्स राहुल बर्मा तथा हेड ऑफ ड्राफ्टिंग सिद्धांत सिंह शामिल रहे। इनके नेतृत्व के साथ-साथ आयोजन समिति के सदस्यों, स्वयंसेवकों और सहयोगी स्टाफ के अथक प्रयासों ने इस सम्मेलन के सफल आयोजन को सुनिश्चित किया।

जैन मंदिर व दादाबाड़ी में नवम ध्वजारोहण महोत्सव संपन्न

## शिखरबद्ध सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में 51 फीट ऊंचे शिखर पर लहराई ध्वजा

कार्नर न्यूज



रायपुर। शिखरबद्ध सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी दादाबाड़ी में नवम ध्वजारोहण महोत्सव संपन्न हुआ। समस्त भैरव सोसायटी व आसपास के जैन समुदाय में इस पावन अवसर को लेकर भारी उत्साह देखा गया। ध्वजारोहण में शामिल होने का पवित्र संकल्प लिए प्रातः काल से ही श्रावक-श्राविकाओं व भक्तजनों का मंदिर परिसर में अविरल प्रवाह जारी था। इस शुभ अवसर पर पूरे मंदिर परिसर, सभा मंडप और भगवान के गर्भगृह को सुगंधित फूलों से बेहद मनमोहक रूप से सजाया गया था। निर्धारित शुभ मुहूर्त में प्रातः 9 बजे ध्वजा महोत्सव की शुरुआत हुई। यह भव्य आयोजन खरतरगच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी म.सा. के शुभ आशीर्वाद और जैन साध्वी श्री स्नेहयशा श्री जी की सुशिष्या श्री सिद्धांतनिधि श्री जी आदि ठाणा के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। सुप्रसिद्ध विधिकारक श्री विमल गोलछा ने 'ॐ पुण्याह्म पुण्याह्म प्रीयन्ताम प्रीयन्ताम' के पवित्र शब्दों के साथ सत्तर भेदी पूजा की।



### 17 विधान से ध्वजा की पूजा

*सर्वप्रथम छेत्रपाल देवता को पूजा में शामिल होने का आह्वान करते हुए उन्हें नारियल, पान-पत्ता, फल और नैवेद्य समर्पित किया गया। इसके पश्चात 17 विधान से ध्वजा की पूजा प्रारंभ हुई, जिसमें प्रत्येक विधान में मंत्रोच्चारण के साथ अक्षत के स्वास्तिक पर नारियल, फल, फूल और मिठाई समर्पित की गई। ध्वजा के लाभार्थी परिवारों ने नवम ध्वजा की पूजा के विधान में अष्टप्रकारी पूजा संपन्न की। वासक्षेप पूजन के पश्चात ध्वजा को सिर पर रखकर प्रभु व दादा गुरुदेव की तीन फेरी लगाई गई।*

### मुनीसुब्रत नाथ भगवान का मनाया जन्म व तप महोत्सव

अमलतास रेसीडेंसी, कचना स्थित श्री मुनीसुब्रत नाथ दिगंबर जैन मंदिर में स्थापित मूल प्रतिमा का जन्म एवं तप कल्याणक मनाया गया। इस दौरान सुबह 7 बजे श्रीजी की चल प्रतिमा को रजत पालकी में विराजित कर शोभायात्रा निकाली गई, जिसके बाद सुरेश मोदी के मार्गदर्शन में श्रीजी की चल प्रतिमा को पाण्डुक शीला पर विराजित कर अभिषेक किया गया। 7:30 बजे समाधिस्थ संत शिरोमणी 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के चरणों की स्थापना 81 शुद्ध मंत्रों के द्वारा की गई। मुनिसुब्रत नाथ भगवान का विधान बड़ी भक्ति भाव और संगीतमय माहौल में सम्पन्न हुआ। उपरोक्त जानकारी मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु जैन ने दी। सुरेश मोदी ने बताया कि जैन धर्म की वर्तमान चौबीसी के 20वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ का जीवन संयम, करुणा और आध्यात्मिक तेज का एक अद्भुत संगम है। प्रभु के जन्म से पूर्व ही माता ने सोलह शुभ स्वप्न देखे थे, जो इस बात का संकेत थे कि उनके गर्भ में एक महान तीर्थंकर आत्मा का अवतरण होने वाला है।



# सिटी स्पोर्ट्स

## नॉर्वे पैरा आर्मरेसलिंग में श्रीमंत ने जीता स्वर्ण पदक



**भिलाई।** पैरा आर्मरेसलिंग खिलाड़ी श्रीमंत झा ने ईदफ्योर्ड, नॉर्वे में आयोजित नॉर्वे पैरा आर्मरेसलिंग कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 85 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। श्रीमंत झा ने अपनी इस उपलब्धि को देश के वीर शहीदों को समर्पित किया। नॉर्वे पैरा आर्मरेसलिंग कप 2026 का आयोजन 08 अप्रैल से 12 अप्रैल तक ईदफ्योर्ड, नॉर्वे में किया गया। झा वर्तमान में विश्व में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने भारत के लिए कुल 64 अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं।

## अंडर-16 में जशपुर, धमतरी, नारायणपुर और कांकेर की जीत



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 प्लेट ग्रुप दो दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को शानदार मैच हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम सरगुजा विरुद्ध जशपुर में परिणाम जशपुर ने 8 विकेट से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किए। दल्ली राजहरा में हुए मैच में टीम धमतरी विरुद्ध दंतेवाड़ा में परिणाम धमतरी ने 40 रन से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किए। कवर्धा में हुए मैच में टीम रायगढ़ विरुद्ध कवर्धा में परिणाम मैच ड्रॉ हुआ। पहली पारी की बढ़त के आधार पर कवर्धा को तीन एवं रायगढ़ को एक अंक मिले। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में हुए मैच में टीम नारायणपुर विरुद्ध महासमुंद में परिणाम नारायणपुर ने एक पारी और 42 रन से जीता एवं सात अंक प्राप्त किए। न्यू ग्राउंड कांकेर में हुए मैच में कांकेर ने सात विकेट से जीत के साथ 6 अंक प्राप्त किए। दूसरे राउंड के मैच 14 अप्रैल से खेले जाएंगे।

## अंडर-19 में सेंट्रल जोन की जीत



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एक दिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत रविवार को प्रदेश के विभिन्न शहरों में मैच हुए। रघुराज स्टेडियम बिलासपुर में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध सेंट्रल जोन में परिणाम सेंट्रल जोन ने 30 रन से जीता। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन 152 रन पर आउट हुआ। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन टीम 122 रन पर आउट हुई। रेलवे ग्राउंड बिलासपुर में टीम वेस्ट जोन विरुद्ध साउथ जोन में परिणाम साउथ जोन ने 39 रन से जीता। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने 7 विकेट पर 295 रन बनाए। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन टीम 256 रन पर आउट हुई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-23 चार दिवसीय सिलेक्शन मैच के अंतर्गत 13 अप्रैल को मैच होंगे। इनमें बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में ईस्ट जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन मैच होगा। वहीं आरडीसीए रायपुर में वेस्ट जोन एवं साउथ जोन के मध्य मैच खेला जाएगा

## खेलो इंडिया अस्मिता पेंचक सिलाट में छत्तीसगढ़ ने 11 पदक जीते



**रायपुर।** आनंद, गुजरात में 31 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता पेंचाक सिलाट महिला लीग (सब-जूनियर, जूनियर) नेशनल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की खिलाड़ियों ने कुल 3 स्वर्ण एवं 8 कांस्य पदक हासिल किए। पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में अनामिका गुर्जर, यशस्वी सिंह, सिया कुमारी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया एवं कृतिका कशेर, अदिति सिंह, सर्वज्ञ गर्ग, निकुंज लहरे, विधि सिपानी, अविसी ओझा, ध्रुव चौबे, लावन्या साहू ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कोच के रूप में नीलिमा साहू, मैनेजर अभिषेक देवांगन व सूर्यकांत वर्मा ने सहयोग प्रदान किया। इस उपलब्धि के लिए पेंचाक सिलाट संघ के संरक्षक रविंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष मनीष बाग, छ. ग.एथलेटिक संघ के महासचिव अमरनाथ सिंह, छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के मनीष श्रीवास्तव, पैरा स्विमिंग संघ के महासचिव सूरज यादव ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### मौसम के मिजाज को देखते हुए अस्पतालों ने शुरू कर दीं तैयारियां

# अप्रैल में लू का एहसास होने लगा तेज, हार्ट-किडनी के मरीज हो जाएं सावधान



देश भर में गर्मी चरम की ओर जा रही है। छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न हिस्सों में पहले ही लू की चेतावनी दी जा चुकी है। दिल्ली-एनसीआर में लू का अलर्ट जारी होने के बाद से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। अस्पताल अभी से बीमार लोगों के इलाज की तैयारियों में जुट गए हैं। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में पिछले साल तैयार किए गए हीट स्ट्रोक यूनिट को फिर से एक्टिव कर दिया गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सभी लोगों को सावधान किया है। पिछले कुछ दिनों से देशभर में तापमान में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। अप्रैल के पहले हफ्ते में ही दिल्ली-एनसीआर का तापमान 40 तक पहुंच गया है। मंगलवार (8 अप्रैल) को दिल्ली का तापमान 38 डिग्री तक दर्ज किया गया। मौसम विभाग पहले से ही अलर्ट कर चुका है कि इस साल की गर्मी पुराने कई रिकॉर्ड्स तोड़ सकती है। समय से पहले हीटवेव और गर्मी के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर भी अलर्ट किया गया है। बढ़ती गर्मी के कारण न सिर्फ हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट के मरीजों की समस्या बढ़ जाती है, ये किडनी और कई अन्य गंभीर बीमारियों के जोखिम को भी बढ़ा सकती है।

भीषण गर्मी को देखते हुए भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार 7 अप्रैल को राष्ट्रीय राजधानी में अगले दो दिनों (मंगलवार और बुधवार) के लिए येलो अलर्ट जारी किया। इसका मतलब है कि आप सावधान रहें और गर्मी के संपर्क में आने से बचें। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इस दौरान सभी लोगों को हल्के-ढीले कपड़े पहनने चाहिए और बाहर जाते समय अपने सिर को ढककर रखना चाहिए। बढ़ती गर्मी उन लोगों की सेहत के लिए और भी चुनौतीपूर्ण मानी जाती रही है जो पहले से कोमोरबिडिटी (एक से अधिक बीमारियों) के शिकार हैं।

इस बार गर्मी तोड़ सकती है कई रिकॉड्र्स, डॉक्टर्स बोले अभी से हो जाइए सावधान

## अस्पतालों ने शुरू कर दी तैयारी

दिल्ली-एनसीआर में लू का अलर्ट जारी होने के बाद से ही स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। अस्पताल अभी से बीमार लोगों के इलाज की तैयारियों में जुट गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में पिछले साल तैयार किए गए हीट स्ट्रोक यूनिट को फिर से एक्टिव कर दिया गया है। वहीं, लेडी हार्डिंग में हीट स्ट्रोक यूनिट तैयार किया जा रहा है। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में आइस पैक का स्टॉक रखा जाएगा। हीट स्ट्रोक के शिकार मरीजों के शरीर का तापमान तुरंत सामान्य हो सकें, इसके लिए कई व्यवस्थाएं की गई हैं।

सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में पिछले साल 25 लोगों की हीट स्ट्रोक के कारण मौत हो गई थी। हालांकि, कई संगठनों के मुताबिक हीट स्ट्रोक से दम तोड़ने वाले मरीजों का आंकड़ा 193 के करीब था।

## हार्ट और किडनी के मरीजों के लिए दिक्कतें बढ़ा सकता बढ़ता तापमान

नोएडा स्थित एक अस्पताल में इंटेसिव केयर यूनिट के डॉक्टर रविकांत गुंजन बताते हैं, गर्म मौसम और हीटवेव किसी को भी प्रभावित कर सकता है, इसके कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। जैसे-जैसे आपका शरीर बढ़ते तापमान के कारण गर्म होता जाता है, आपकी रक्त वाहिकाएं फैलने लगती हैं, जिससे रक्तचाप कम हो जाता है। इसके कारण आपके दिल को पूरे शरीर में रक्त का संचार करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है। ये मौसम हृदय के मरीजों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इन महीनों में बरती गई थोड़ी भी लापरवाही आपके स्वास्थ्य के लिए दिक्कतें बढ़ाने वाली हो सकती है। गर्मी से होने वाली बीमारियों में चक्कर आना, बेहोशी, मतली और सिरदर्द आम हैं, पर कुछ जटिलताएं जानलेवा भी हो सकती हैं।

## किडनी पर असर

हीटवेव का आपकी किडनी पर भी नकारात्मक असर हो सकता है, वहीं जिन लोगों को पहले से ही किडनी की दिक्कत है उन्हें और भी सावधान रहना चाहिए। अत्यधिक गर्मी के संपर्क में रहने वाले लोगों में इलेक्ट्रोलाइट्स का असंतुलन, किडनी इंजरी होने या किडनी में पथरी होने का खतरा काफी बढ़ जाता है।

# कब्ज-अपच जैसी पेट की समस्याओं से निजात दिलाएंगे कुछ कारगर उपाय

खान-पान की गड़बड़ी ने हमारी सेहत को कई प्रकार से प्रभावित किया है, इसका सबसे ज्यादा असर पाचन स्वास्थ्य पर देखा जा रहा है। कब्ज-अपच, भोजन करने के बाद पेट फूलने जैसी कई तरह की दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सभी इसका शिकार हो रहे हैं। क्या आप भी अक्सर पाचन की दिक्कतों से परेशान रहते हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पाचन की दिक्कतों के कई कारण हो सकते हैं। वैसे तो ये खान-पान में गड़बड़ी से होने वाली समस्या मानी जाती है पर कई बार कुछ अंतर्निहित स्वास्थ्य स्थितियों के कारण भी आपका पेट गड़बड़ हो सकता है। यही कारण है कि अक्सर बने रहने वाली पाचन की समस्याओं का समय पर निदान और इलाज जरूर करा लेना चाहिए, जिससे बीमारी के कारणों का पता लगाया जा सके।

यदि पेट की ये दिक्कतें खान-पान या लाइफस्टाइल में गड़बड़ी के कारण हो रही हैं तो कुछ घरेलू उपायों से भी इसमें आराम पा सकते हैं। ऐसे लोगों के लिए पेठा का जूस फायदेमंद हो सकता है।

## पेठा का जूस हो सकता है लाभकारी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पेठा लो कैलोरी और लो कार्बोहाइड्रेट वाला होता है, हालांकि इसमें फाइबर की भरपूर मात्रा होती है जो इसे सेहत के लिए कई प्रकार से लाभकारी बनाती है। पेठा का जूस पीना वजन घटाने से लेकर हृदय को स्वस्थ रखने तक में फायदेमंद है। गर्मियों के दिनों में इसका सेवन शरीर को ठंडक भी देता है। लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला होने के कारण पेठा का जूस पीना शुगर को कंट्रोल करने में भी मददगार हो सकता है। आहार विशेषज्ञ कहते हैं, पेठा का जूस पीना आपके पाचन स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी हो सकता है।

# हरियाणा का जलवा रहा, छत्तीसगढ़ ने भी जीता पदक



**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई में तीन दिवसीय राष्ट्रीय अंडर-20 कुश्ती महासंग्राम का महाआयोजन रविवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि हम सबकी मेहनत सफल हुई, जो हम भिलाई छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती का यह सफल आयोजन कर पाये।

उल्लेखनीय है कि इस सफल आयोजन के पीछे सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में उनकी टीम करीब महीने भर से जुटी हुई थी। विशेषकर लिलेश देशमुख, भूपेंद्र यादव, राघवेंद्र सिंह, अजय पणिकर, राजेश सिंह और पूर्व पार्षद देवेंद्र यादव सहित टीम के तमाम सदस्यों ने आयोजन को निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने में अपना विशिष्ट योगदान दिया।

## आखिरी दिन हुए 240 मुकाबले, हरियाणा अव्वल

राष्ट्रीय अंडर-20 कुश्ती महासंग्राम की जानकारी देते हुए निशु पाण्डेय ने बताया कि अंतिम दिन लगभग 240 मुकाबले हुए। जिसमें से 10 स्वर्ण,10 रजत एवं 20 कांस्य पदक दिये गये। छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय रहा की 55 किग्रा श्रेणी में छत्तीसगढ़ के मन्नू यादव को कांस्य पदक प्राप्त हुआ1 यह मैडल छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के लिये संजीवनी का कार्य करेगा1 पूरे आयोजन में सर्वाधिक मेडल हरियाणा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान सर्विस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) एवं तृतीय स्थान उत्तर प्रदेश ने प्राप्त किया।

## स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों की बहार


55 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण एम.पी के नीरज, रजत छत्तीसगढ़ के मनु यादव और कांस्य एस.एस.सी.बी. के सिद्धनाथ एवं दिल्ली के योगेश, 63 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण एस.एस.सी.बी से गौरव, सिल्वर हरियाणा से आर्यन और कांस्य दिल्ली से कुणाल एवीएन और बिहार से अमन, 60 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण एस.एस.सी.बी.से अनिल, रजत प्रणय राजू महाराष्ट्र से और कांस्य रितेश हरियाणा से व चित्रांशु राज उत्तर प्रदेश से, 67 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण अनुज हरियाणा से, रजत मुकुल यूपी से, कांस्य गोविंद एस.एस.सी.बी. से और योगेश दिल्ली से, 72 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण विनीत हरियाणा से, रजत आकाश दिल्ली से और कांस्य रोहित राजस्थान से व उदय पंजाब से, 77 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण सचिन कुमार हरियाणा से, रजत पदक रंजीत पंजाब से और कांस्य बादल उत्तर प्रदेश से व विकास हिमाचल प्रदेश से, 82 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण आशु दलाल हरियाणा से, रजत पदक हिमांशु उत्तर प्रदेश से और कांस्य पीयूष राजस्थान से व अजय दिल्ली से, 87 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण अखिल हरियाणा से, रजत विनय महाराष्ट्र से और कांस्य पदक मानव एस.एस.सी.बी. और शिवम उत्तर प्रदेश से शामिल हैं।

## कुश्ती संघ के पदाधिकारी सम्मानित,श्रद्धांजलि दी आशा भोसले को

समापन के अवसर पर भिलाई छत्तीसगढ़ में आये भारतीय कुश्ती संघ के पदाधिकारियों को ,भारतीय कुश्ती संघ रेफरी एवं उनके पदाधिकारियों को बस्तर आर्ट शील्ड देकर सम्मानित किया गया। अंत में सांसद विजय बघेल ने देश की सुर कोकिला आशा भोसले को याद किया। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी और आयोजन का समापन किया।



















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## गन केस में जेल जाने से बचे सिंडी के बेटे डक्लिन, अब साल भर करेंगे यह काम



अमेरिकन सिंगर सिंडी लॉपर के बेटे डक्लिन लॉपर को एक हथियार मामले में आरोपी माना गया था। मगर इस मामले में अब सिंगर का समझौता हो चुका है। इस समझौते की वजह से उन्हें अब जेल की सजा की जगह प्रोबेशन पर रखा जाएगा। डक्लिन लॉपर पर 2024 में अवैध हथियार रखने और गोली चलाने के आरोप लगे थे। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट्स के अनुसार डक्लिन ने अपने आपराधिक हथियार रखने के आरोप को स्वीकार कर लिया था। अब समझौते के तहत उन्हें जेल की सजा के बजाय एक साल के अंतरिम प्रोबेशन की सजा सुनाई गई है। यह आरोप मैनहैटन में हुई गोलीबारी से जुड़ा हुआ है। इस आदेश के अनुसार लॉपर को नशा मुक्ति के उपचार कराना होगा। यह कार्यक्रम पूरा करने के बाद ही उन्हें हथियार रखने के आपराधिक आरोप में दोषी ठहराया जा सकेगा। जिसे हिंसक नहीं माना जाएगा।
7 फरवरी 2024 को हार्लेम में वेस्ट 112वीं स्ट्रीट पर एडम क्लेटन पॉवेल जूनियर बुलेवार्ड के पास एक आदमी जख्मी हो गया। 24 वर्षीय उमर लेविन को गोली लगी थी। जिसके बाद अस्पताल ने जाने पर उसकी हालत बेहतर हुई। अब समझौते के बाद डक्लिन लॉपर पर कोई हिंसक आरोप नहीं है। क्योंकि वह पहले ही अपनी गलती मान लेने पर डेक्लिन लंबी सजा से बच गए हैं। अगर उन्हें ट्रायल में दोषी पाया जाता तो सात साल तक की जेल हो सकती थी।

### टॉलीवुड

## थॉमस ने जूनियर एनटीआर की 'ड्रैगन' का हिस्सा होने पर दी प्रतिक्रिया



निर्देशक प्रशांत नील की जूनियर एनटीआर स्टारर फिल्म, जिसे अभी 'ड्रैगन' के नाम से जाना जा रहा है, अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चाओं में है। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ मलयालम स्टार टोविनो थॉमस के भी होने की चर्चाएं चल रही थीं। लेकिन अब टोविनो थॉमस ने इन चर्चाओं पर विराम लगा दिया है। टोविनो फिल्म का हिस्सा हैं या नहीं इसको लेकर उन्होंने अब स्थिति साफ कर दी है।
हैदराबाद में अपनी मलयालम फिल्म 'पल्लीचट्टाम्बी' के प्रमोशन के दौरान टोविनो थॉमस ने स्पष्ट किया कि वो प्रशांत नील और जूनियर एनटीआर की फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने बताया कि शेड्यूल में टकराव के कारण उन्होंने 'ड्रैगन' छोड़ दी। एक्टर ने कहा कि डेट्स मिलना बहुत मुश्किल है, इसलिए मैं यह फिल्म नहीं कर रहा हूं। मैं एक साथ कई फिल्में नहीं करता। मलयालम में हम एक ही शेड्यूल में फिल्म पूरी कर लेते हैं। लेकिन तेलुगु में, एक प्रोजेक्ट में लगभग एक साल लग जाता है। मैं तीन महीने दे सकता हूं, पूरा साल नहीं।
एनटीआर-नील के नाम से मशहूर इस तेलुगु फिल्म को फिलहाल 'ड्रैगन' के नाम से पहचाना जा रहा है। यह तेलुगु सिनेमा की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म को 25 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होना है।
हालांकि, फिल्म के आगे बढ़ने और टलने की भी खबरें सामने आईं, लेकिन अभी तक मेकर्स की ओर से इसकी कोई घोषणा नहीं की गई है। फिल्म में जूनियर एनटीआर के अलावा रुक्मिणी वसंत और अनिल कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। जूनियर एनटीआर आखिरी बार ऋतिक रोशन के साथ 'वॉर 2' में नजर आए थे। इस फिल्म से उन्होंने बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया है। यह यशराज के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। हालांकि, फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था।

### भोजपुरी

## 'प्राइवेट बलमुआ' गाने में एलपीजी सिलेंडर, फैंस बोले- बवाल है



भोजपुरी इंडस्ट्री में हमेशा एक से बढ़कर गाने रिलीज होते रहते हैं। अब शिल्पी राज का एक गाना आ गया है और रिलीज होते ही इसने लोगों के दिलों पर जादू कर दिया है। हर किसी को रील्स पर इसी गाने पर नाचते देखा जा रहा है। भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में एक बार फिर ट्रेंडिंग आवाज शिल्पी राज ने अपने नए गाने 'प्राइवेट बलमुआ' से धमाल मचा दिया है। अल्फा बीट भोजपुरी से रिलीज यह गाना दर्शकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। रिलीज के साथ ही गाने ने यूट्यूब पर शानदार पकड़ बनाई है और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस पर हजारों रील्स बननी शुरू हो गई हैं। यह साफ संकेत है कि दर्शकों को आज भी साफ-सुथरे, मनोरंजक और म्यूजिकली स्ट्रॉन्ग भोजपुरी गाने खूब पसंद आते हैं। गाने की सबसे बड़ी खासियत इसकी कैची धुन, चटपटे बोल और विजुअल प्रेजेंटेशन है। प्रभु विष्णुपुरी के लिखे बोल आम दर्शकों की जुबान पर चढ़ते नजर आ रहे हैं, वहीं चमन सिंह का संगीत इसे और भी ज्यादा आकर्षक बना देता है। शिल्पी राज की ऊर्जा से भरपूर आवाज ने गाने को वह ताजगी दी है, जो इसे बार-बार सुनने लायक बनाती है। गाने को लेकर शिल्पी राज ने बताया कि, 'प्राइवेट बलमुआ' एक बहुत ही प्यारा, मजेदार और एंटरटेनिंग गाना है। इस गाने को रिकॉर्ड करते समय हमें पहले से ही एहसास था कि यह श्रोताओं को जरूर पसंद आएगा। इसके बोल, म्यूजिक और वीडियो—तीनों में एक अलग ही ताजगी है, जो आज के युवाओं के टेस्ट के बिल्कुल करीब है।

### सागर का नमक

लाइफ स्टाइल



> सागर की थीम से प्रेरित फैशन उन महिलाओं के बीच पसंदीदा बन गया है जो स्टाइलिश होने के साथ-साथ आरामदायक लुक भी चाहती हैं। ये हैम्पटन्स से लेकर फ्रेंच रिवेरा तक हर जगह लोकप्रिय हैं। शायद इसकी वजह है इसमें शामिल नज़ाकत और व्यावहारिक डिज़ाइन का मेल है। इसलिए भी क्योंकि ये कपड़े नौकायन और शाम की पार्टियों, दोनों ही मौकों के लिए एकदम सही रहते हैं। वजह चाहे जो भी हो, समुद्री थीम वाले कपड़े समुद्री किनारे पर बिताए जाने वाले जीवन की खूबसूरती को दर्शाते हैं।

## गोल्ड इयररिंग के डिजाइन आपको देंगे खूबसूरत लुक

अगर आपको भी गोल्ड का इयररिंग पढ़ना पसंद है तो सोच रहा है कि कैसी डिजाइन बनवाएं आजकल कौन सी ऐसी डिजाइन है जो ज्यादा चल रही है। अगर आपको हैवी पहनना पसंद है तो हैवी बना सकते हैं या आप हल्की वजन में भी बनवा सकते हैं।
अगर आपको सुई धागा ईयररिंग डिजाइन पसंद है तो आप इनमें से आइडिया ले सकते हैं आजकल सुई धागा ईयररिंग डिजाइन बहुत ज्यादा चल रही है महिलाएं और लड़कियां दोनों ही ज्यादा बनवा रही है इस तरह का डिजाइन होती है जो आपको कम बजट में मिल जाएगी यह हियरिंग लाइटवेट होती है इसकी शुरुआत की प्राइस की बात करें तो आपको 10000 से स्टार्ट होती है ये पहनने में भी आसन होती हैं बहुत ही हल्की होती है औरभी लगती है खास कर ये डिजाइन लड़कियों को ज्यादा पसंद आ रही है । झुमका किसे पसंद नही है, हमे पता है कि आपको भी झूमका जरूर पसंद होगी। सूट हो या साड़ी दोनों पर झुमका बहुत ही अच्छी लगती है तो आप भी सोच रहें हैं की कैसा डिजाइन बनवाएं तो आप बिलकुल सही जगह पर आए हैं, ये डिजाइन आपके खुबसूरती को चार चांद लगा देगी। तो जरा देखिए ये डिजाइन ।
डेली उसे में पहनने के लिए गोल्ड का इयररिंग डिजाइन का कुछ डिज़ाइन दिखाए गए हैं इनमें जरूर कोई ना कोई जरूर पसंद आएगी हमने इस में बहुत ही लाइट पर डिजाइन रखे हैं लड़कियां हो या महिलाएं दोनों यह डिजाइन जरूर ट्राई कर सकते हैं यह डिजाइन न्यू है इसकी प्राइस की बात करें तो आपको ओनली 6000 से स्टार्ट होती है आप अपने अनुसार से बनवा सकते हैं क्योंकि हमेशा सोचते रहते हैं कि कौन सी डिजाइन डेली यूज में पहने तो आप इन डिजाइन पर जरूर



नजर डालें। डेली उसे में पहनने के लिए गोल्ड का इयररिंग डिजाइन का कुछ डिज़ाइन दिखाए गए हैं इनमें जरूर कोई ना कोई जरूर पसंद आएगी हमने इस में बहुत ही लाइट पर डिजाइन रखे हैं लड़कियां हो या महिलाएं दोनों यह डिजाइन जरूर ट्राई कर सकते हैं यह डिजाइन न्यू है इसकी प्राइस की बात करें तो आपको ओनली 6000 से स्टार्ट होती है आप अपने अनुसार से बनवा सकते हैं क्योंकि हमेशा सोचते रहते हैं कि कौन सी डिजाइन डेली यूज में पहने तो आप इन डिजाइन पर जरूर नजर डालें। हमें उम्मीद है कि आपको इसमें से कोई ना कोई डिजाइन जरूर पसंद आई होगी क्योंकि हमने आपके साथ पांच टाइप के डिजाइन शेयर किए हैं जो की टॉप डिजाइन है और सिंपल डिजाइन है और गोल्ड के झुमका के डिजाइन शेयर किए हैं ।

## स्टाइल करेंगी प्रिंटेड लहंगा तो आपके लुक के सामने फीका पड़ जाएगा सबका रंग



लहंगा एक पारंपरिक ड्रेस है जो की महिलाएं अपनी खूबसूरती को बढ़ाने के लिए पहनती है और जब बात है शादी और खास मौके पर क्या पहने तो सबसे पहले महिलाएं लहंगा ही पसंद करती है, अगर आप किसी खास पार्टी या फिर शादी में आकर्षक लुक चाहते हैं तो आपके लिए यह प्रिंटेड लहंगा एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकती है इसके डिजाइन रंग आपके लुक को और भी रॉयल बना सकते हैं।



आज हमको कुछ ऐसे और बेहतरीन प्रिंटर लहंगा दिखाएंगे जो आप आने वाली शादी पर पहन सकते हैं और इसे आप स्टाइल करके सबसे ट्रेंडी और फैशनेबल लुक पा सकते हैं यह लहंगा ऐसी है जो कि हर किसी पर परफेक्ट होने वाली है या फिर आपके घर में किसी की शादी है या फिर अन्य रिश्तेदारी में तो आपको यह प्रिंटेड लहंगा जरूर ट्राई करनी चाहिए।

### फूलों वाली प्रिंटेड लहंगा



यह फूलों वाली प्रिंटेड लहंगा हमेशा ही ट्रेंडी और स्टाइलिश रही है यह लहंगा खास कर उन लड़कियों के लिए बेहतरीन है जो की एक सॉफ्ट और एलिगेंट लुक चाहती है इस लहंगा में फूलों का प्रिंट किया गया है जो की ऑर्गेंजा फैब्रिक में है इसका ब्लाउज में आपको एंब्रॉयडरी का वर्क देखने को मिल जाएंगे यह लहंगा अभी काफी ट्रेंड में है और लहंगे के अलावा और ऑर्गेंजा फैब्रिक की हर आउटफिट अभी फैशन में चल रहे हैं तो आपको भी आने वाली शादी या फिर त्यौहार में यह फूलों वाली प्रिंटर लेना है जरूर ट्राई करना चाहिए इसमें दुपट्टा भी काफी बेहतरीन सा दिया गया है ।
फूलों वाली प्रिंटेड लहंगा

### रेड प्रिंटेड लहंगा

रेड प्रिंटेड लहंगा एक शानदार ऑप्शन है और खासकर उन महिलाओं के लिए जो की शादी पार्टी में शामिल होने जा रही है तो आपको हर एक लहंगा जरूर ट्राई करना चाहिए और इसमें प्रिंट किया जाए जो की काफी प्यारा सा है ।

## ब्राइडल लुक में चार चांद लगा देंगे कुछ अनूठे हेयरस्टाइल

शादी का सीजन जारी है ऐसी महिलाएं अपने लिए अलग-अलग तरह के खूबसूरत ज्वेलरी खरीदती है ताकि वह शादी में सबसे अलग खूबसूरत दिख सके ऐसे में एक बन भी आता है आप लहंगा पहने है या कोई भी ड्रेस आसनी से आप इस तरह का बाल गजाला अपने बाल में लगा कर आपने लुक को आकर्षक बना सकते हैं हम आपके लिए लेकर आए एकदम यूनिक डिजाइन जो कि आपको देखते ही पसंद आएगी। अगर आपकी शादी होने वाली है तो ले सकते हैं, खासकर इस तरह के लड़कियां भी अपने लिए बहुत ही खरीदती है याह देखने में काफी खूबसूरत लगती है।
अगर आपको सिंपल पसंद है तो आप इस तरह का बन अपने लिए ले सकते हैं इसमें दो कलर का गुलाब का फूल दिया गया जो की काफी खूबसूरत लग रही है येलो और पिक के कांबिनेशन में है देख सकते हैं कितनी प्यारी लग रही है यह आपको 200 से 300 में मार्केट में आसानी से मिल जाएगी या आप किसी भी ऑनलाइन एप से खरीद सकते हैं यह देखने में खूबसूरत लग रही है।



इस तरह के डिजाइन स्पेशली आप हल्दी फंक्शन या फिर मेहंदी के लिए ले सकते हैं इसमें आपको और कलर ऑप्शन मिल जाएगी आजकल लड़कियां अपने लिए बहुत ही लेती है यह देखने में काफी खूबसूरत लगती है आजकल इसका फैशन काफ़ी चल रहा है इसमें आपको इयरिंग्स भी साथ में मिल जाएगी , देख सकते हैं आपके पूरे हेयर में इसका डिजाइन आ जाएगा बीच में गुलाब का फूल दिया गया है और मोती का भी डिजाइन दिया गया जो की काफी यूनिक लग रही है ।

## आपके लुक को आकर्षक बना देंगे लटकन

अगर आप भी सोच रहे हैं कि किस तरह के लटकन अपने ब्लाउज में या आप सूट में या कोई और भी आउटफिट में लगवाने के लिए तो आप बिल्कुल सही जगह पर आए हैं यहां आपको देखने को मिल जाएगी कोई भी पसंद आती है तो आप जरूर ट्राई कर सकते हैं
लेस वाला लटकन होती है ओ बहुत ज्यादा अच्छी लगती है, अगर आपको ऐसा एक लटकन पसंद है तो आप इसे एक लटकन लहंगा में या फिर ब्लाउज में या आप किसी भी आउफिट में लगवा सकते हैं क्योंकि इस तरह के लटकन बहुत ही अच्छी लगती है थोड़ा हैवी होती है इसलिए बहुत ही प्यारी लगती है।
अगर आपको मिरर वाले लटकन पसंद आए तो आप जरूर ट्राई करें क्योंकि इस तरह से लटकन होती है न ओ नाइट पार्टी के लिए बहुत ही अच्छी लगती है अगर सबसे अलग दिखना चाहते तो आप जरूर ट्राई करें, ये आपको किसी भी ऑनलाइन ऐप या फिर किसी भी शॉप में आपको इस तरह का लटकन देखने को मिल जाएगी इसकी प्राइस की बात करें तो यह आपको 100 से लेकर 200 के बीच में आपको मिल जाएगी तो आप अपने बजट के अनुसार से इसे खरीद सकते हैं।
बॉल लटकन डिजाइन आजकल बहुत ज्यादा चल रही है इस तरह का डिजाइन जो होती है जो लहंगा है बहुत ही ज्यादा अच्छी लगती है तो आप लहंगा स्टिच कर वा रहे



तो सोच रहें है किस तरह का लटकन डिजाइन लगाएं तो आप जरूर लगा सकते क्योंकि यह जो डिजाइन बहुत ही ट्रेंड में चल रही है लहंगा के लिए तो बहुत ही परफेक्ट है, यह आपको मार्केट में आसानी से मिल जायेगी अगर आपको पसंद है तो आप टेलर से बोलकर इस तरह के के लटकन स्टिच भी करवा सकते हैं। अगर आपको इस तरह का लटकन पसंद है तो और सोच रहे हैं कि कौन सी ऐसी डिजाइन है जो आप अपने ब्लाउज में लगवाए तो आप इस तरह का डिजाइन सिलेक्ट कर सकते हैं अपने लिए क्योंकि यह डिजाइन होती है सबको पसंद आती है आप इसे ऑनलाइन एप से या फिर किसी भी शॉप में जाकर खरीद सकते हैं यह आपको 100 से 150 के बीच में आपको मिल जाएगी।

### कार्नर न्यूज

**ग्रूमिंग के दौरान आपको लगता है कि लोग देखते नहीं, मगर आप गलत हैं**

## ग्रूमिंग के दौरान होने वाली गलतियां असर डालती है आपके व्यक्तित्व पर, लोगों की नजरों से बचें

'अरे छोड़ो इस पर कौन ध्यान देगा' ग्रूमिंग पर खूब सारा ध्यान देने वाले आप अक्सर यही कहकर बड़ी गलतियां कर देते हैं और आपको अंदाजा भी नहीं होता है कि लोग आपकी इन गलतियों पर पूरा ध्यान दे रहे हैं। ग्रूमिंग बेस्ट लुक का जरूरी हिस्सा है। इसलिए आपको थोड़ा एक्टिव तो होना पड़ेगा। इसके बिना मामला सेट नहीं हो पाएगा। इसके लिए छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर खुद को वेल ग्रूम्ड वाली श्रेणी में लाया जा सकता है। आपको अलग से कुछ नहीं करना है।

### ग्रूमिंग की गलतियों पर पड़ती है लोगों की नजर

ग्रूमिंग आपके लुक को पूरा करती है। आप भी इसके बिना खुद को अधूरा पाते होंगे। लेकिन कुछ बातें ऐसी होती हैं, जिन पर आप खुद ध्यान ये सोचकर नहीं देते कि कौन इस पर ध्यान देगा। कौन सी हैं ये ग्रूमिंग की गलतियां जान लीजिए-
कान, नाक और आइब्रो के बाल
एक उम्र के बाद शरीर के कई हिस्से ऐसे होते हैं, जिनमें से बाल दिखने लगते हैं लेकिन अफ़सोस



आप उनको ट्रिम करने की सोचते ही नहीं है। आपको लगता है इनको कौन ही देखेगा।
लेकिन लोग देखते हैं। लोग देखते हैं कि आपने महंगे कपड़े पहने, हेयर केयर सलीके से किया लेकिन नाक, कान और आईब्रो के बालों को यों ही छोड़ दिया। ये काम कठिन नहीं है बल्कि इसे आप खुद भी कर सकते हैं। या फिर इसे शेविंग के समय सैलून में भी किया जा सकता है। ध्यान दीजिए और कर लीजिए।

### गंदे नाखून साफ नहीं किए

आपके नाखून की सफाई भी जरूरी होती है। कई बार लोग पूरे शरीर की सफाई करते हैं लेकिन नाखूनों को भूल जाते हैं। लेकिन ये सही नहीं है। लोगों को आपके हाइजीन का अंदाजा नाखून देकर ही लग जाता है इसलिए ये काम शुरू कर दीजिए। समय-समय पर पैर और हाथ के नेल्स काटते रहिए। अगर तब भी ये अच्छे न लगें तो आप पैडीक्योर और मैडीक्योर करा सकते हैं।

### ओरल हाइजीन भी रखिए ध्यान

ब्रश करके आप अपने ओरल हाइजीन को भूल जाते हैं तो गलत करते हैं। दरअसल सिर्फ ब्रश करने से दांत और मुंह की सफाई नहीं हो पाती है। बल्कि आपको ब्रश के साथ फ्लोसिंग भी करनी होगी और माउथ फ्रेशनर गार्गल भी करना होगा। अगर ये सब नहीं करेंगे तो दो बार ब्रश करने के बाद भी मुंह से बदबू आएगी और आपके लुक पर फिर कोई ध्यान नहीं देगा।

